**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 13 अंक: 236 लखनऊ, बुधवार 10 अप्रैल 2024 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## भारत बदलेगा तिब्बत के 60 जगहों के नाम, चीन को करारा जवाब देने उतरे राजनाथ सिंह



एजेंसी।

नई दिल्ली रक्षा मंत्री ने कहा कि हम अपने सभी पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं। लेकिन अगर कोई हमारे आत्म–सम्मान को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है, तो भारत उचित जवाब देने की क्षमता रखता है।ष उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में कई स्थानों का नाम बदलने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अगर भारत ने भी इसी तरह के प्रयास किए, तो क्या इसका मतलब यह होगा कि चीन के वे क्षेत्र हमारे क्षेत्र का हिस्सा बन गए हैं। मंगलवार को अरुणाचल प्रदेश के नामसाई इलाके में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए, राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं चीन से पूछना चाहता हूं कि अगर हम पड़ोसी देश के विभिन्न राज्यों के नाम बदल देंगे, तो क्या वे हमारे क्षेत्र के हिस्से होंगे? ऐसी गतिविधियों के कारण संबंध खराब हो रहे हैं। भारत और चीन के बीच रिश्ते बिगड़ेंगे। पिछले हफ्ते चीन ने अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास विभिन्न स्थानों के 30 नए नामों की एक सूची जारी की थी। पहले भी चीन पूर्वोत्तर राज्य पर अपना दावा जताने के लिए इसी तरह की कोशिशें कर चुका है। राजनाथ सिंह ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में 30 स्थानों के नाम बदलने के चीन के कदम से जमीनी हकीकत नहीं बदलेगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि हम अपने सभी पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं। लेकिन अगर कोई हमारे आत्म–सम्मान को नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है, तो भारत उचित जवाब देने की क्षमता रखता है।ष उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग है। इससे पहले, विदेश मंत्रालय ने अरुणाचल प्रदेश पर चीन के दावों को खारिज कर दिया था और कहा था कि राज्य भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा।

## सीएम केजरीवाल को हाईकोर्ट से झटका, गिरफ्तारी को गैर कानूनी ठहराने वाली याचिका खारिज



दिल्ली–ईडी की गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि ये याचिका जमानत के लिए नहीं है। साथ ही कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया। शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की गिरफ्तारी और हिरासत को चुनौती देने वाली केजरीवाल की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि याचिका जमानत के लिए नहीं है। याचिका में याचिकाकर्ता ने हिरासत को गलत बताया है। फैसला सुनाते हुए जस्टिस स्वर्ण कांत शर्मा ने याचिका को खारिज कर दिया। वहीं, आम आदमी पार्टी के सूत्रों से खबर मिल रही है कि श्आपश हाईकोर्ट के फैसले से सहमत नहीं है। केजरीवाल हाईकोर्ट के निर्णय के खिलाफ कल ही सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटा सकते हैं। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने तीन अप्रैल को लंबी दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने कहा हमारा मानना है कि न्यायाधीश कानून से बंधे हैं, राजनीति से नहीं। फैसले कानूनी सिद्धांतों के आधार पर दिए जाते हैं, राजनीतिक विचारों के आधार पर नहीं। अदालत राजनीति के दायरे में नहीं जा सकती। अदालत ने ट्रायल कोर्ट के बाद के रिमांड आदेशों को भी बरकरार रखा, जिसमें वह आदेश भी शामिल था जिसके माध्यम से केजरीवाल को न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय पर कहा इस अदालत की राय है कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसकी गिरफ्तारी और रिमांड की जांच कानून के अनुसार की जानी चाहिए, न कि चुनाव के समय के अनुसार केजरीवाल को लोकसभा की तारीखों के बारे में पता होगा, उन्हें पता होगा पता है चुनाव कब होंगे। उन्होंने ईडी द्वारा पेश सामग्री को देखने के बाद कहा ईडी द्वारा एकत्र की गई

## यह चुनाव देश को विकसित राष्ट्र के साथ साथ हर परिवार को समृद्ध बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा

संवाददाता।

जेवर धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि विगत 10 वर्षों में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के सपनों को साकार करने के साथ–साथ उन्हें विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कर, विकसित राष्ट्र की तरफ अग्रसर देश के विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। ष्यह चुनाव देश को विकसित राष्ट्र के साथ साथ हर परिवार को समृद्ध बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगाष उपरोक्त शब्द आज दिनांक 09 अप्रैल 2024 को जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने ग्राम साहब नगर, जेवर खादर व छातंगा खुर्द में भ्रमण के समय उपस्थित क्षेत्रवासियों से कहे।इस मौके पर जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने आगे कहा कि विगत 10 वर्षों में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के सपनों को साकार करने के साथ–साथ उन्हें विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कर, विकसित राष्ट्र की तरफ अग्रसर देश के विकास की मुख्य धारा में लाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। देश की आजादी के बाद जिन लोगों के सिर पर छत नहीं थी, उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने छत उपलब्ध कराकर, उनके सपनों को पंख लगाने का काम किया है। जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने आगे कहा कि जेवर क्षेत्र के लोगों ने कभी कल्पना की थी कि एशिया का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट आपके जेवर क्षेत्र में बनेगा, लेकिन उत्तर प्रदेश के विजनरी मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में आज जेवर में बन रहा नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट शीघ्र ही अपनी पहली उड़ान भरने की तैयारी में है।ष इस मौके पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने सभी क्षेत्रवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि ष्यह चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री चुनने का चुनाव है।



## सुखबीर बादल की बिगड़ी सेहत, मजीठिया करेंगे पंजाब बचाओ यात्रा का नेतृत्व!

पंजाब बचाओ यात्रा के दौरान सुखबीर बादल की तबीयत बिगड़ने के बाद विपक्षी पार्टियां एक बार फिर अकाली दल को घेरने की तैयारी में हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री भगवंत मान अपनी रैलियों और भाषणों में सुखबीर बादल पर तंज कसते रहे हैं। पिछली रैली में ही सीएम मान ने कहा था कि सुखबीर बादल बाहर का तापमान देखकर पंजाब बचाओ यात्रा निकालते हैं।

अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। जानकारी मिली है कि उनकी तबीयत लुधियाना के पास खराब हो गई। हालांकि, पार्टी ने कहा है कि उन्हें स्वास्थ्य में मामूली झटका लगा है और अब वह पूरी तरह ठीक हैं। पेट खराब होने के कारण वह दवा ले रहे हैं। वे घर पर आराम कर रहे हैं। इस बीच अमृतसर में बिक्रम सिंह मजीठिया के सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं। अकाली दल की पंजाब बचाओ यात्रा का नेतृत्व अब सुखबीर बादल की बजाय बिक्रम सिंह मजीठिया करेंगे। आपको बता दें कि पंजाब बचाओ यात्रा आज लुधियाना के पायल से निकलने वाली थी, लेकिन अब इस यात्रा का नेतृत्व बिक्रम मजीठिया करने जा रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक गर्मी के कारण सुखबीर बादल की हालत खराब हो गई है। इसके बाद उनके लिए यात्रा में शामिल होना मुश्किल हो गया। पंजाब बचाओ यात्रा के दौरान सुखबीर बादल की तबीयत बिगड़ने के बाद विपक्षी पार्टियां एक बार फिर अकाली दल को घेरने की तैयारी में हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री भगवंत मान अपनी रैलियों और भाषणों में सुखबीर बादल पर तंज कसते रहे हैं। पिछली रैली में ही सीएम मान ने कहा था कि सुखबीर बादल बाहर का तापमान देखकर पंजाब बचाओ यात्रा निकालते हैं। आपको बता दें कि 1997 के बाद पहली बार पंजाब में अकाली दल–बीजेपी अलग–अलग लोकसभा चुनाव लड़ने जा रहे हैं। दोनों पार्टियों ने 2022 का विधानसभा चुनाव भी अलग–अलग लड़ा था



## केजरिवाल को 7 विधायक देकर भी उत्तर पूर्व दिल्ली में शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं, जनता उनको माफ नही करेगी-मनोज तिवारी

एजेंसी।

नई दिल्ली। मनोज तिवारी ने कहा है की उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र ने 2020 में अरविंद केजरीवाल को 7 विधायक दिये फिर भी उत्तर पूर्व दिल्ली में शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं, जनता केजरीवाल को माफ नही करेगी। नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह, दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं पूर्व अध्यक्ष सांसद मनोज तिवारी ने कहा है की दिल्ली की सरकारी स्कूल व्यवस्था पूरी तरह चर्ममरा चुकी है, स्कूल भ्रष्टाचार के केन्द्र बन गये हैं और समाज का आर्थिक रूप से कमजोर पक्ष जिनके बच्चे इन स्कूलों में बहुताय पढ़ते हैं वह शिक्षा की बुनियादी सुविधाएं भी ना मिलने से परेशान हैं। अरूण सिंह ने कहा है की दिल्ली में सरकार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है और दिल्ली की जनता 25 मई को केजरीवाल सरकार को वोट की ऐसी चोट देगी की आम आदमी पार्टी दिल्ली की राजनीति से साफ




हो जायेगी। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की भाजपा लगातार कहती रही है अरविंद केजरीवाल सरकार के शिक्षा को लेकर दावे पूरी तरह तथ्यविहिन हैं और कल माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय में हुई सुनवाई के बाद भाजपा के आरोप सत्यापित हो रहे हैं। सचदेवा ने कहा है की उच्च न्यायालय की सुनवाई एवं न्यायाधीशों की टिपण्णी ने केजरीवाल सरकार के शिक्षा मॉडल की पोल खोल दी है। न्यायालय की टिपण्णी अनुसार केजरीवाल सरकार केवल उच्च कोटि की शिक्षा व्यवस्था पर दावों में मस्त रहती है जबकि जमीनी हकीकत बिल्कुल भिन्न है ने भाजपा के आरोपों को सही साबित किया है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की केजरीवाल सरकार के दावों के ठीक विपरीत दिल्ली में टीन टप्पर में स्कूल चल रहे हैं, उनमे टूटे डेस्क लगे हैं और किताब, कापी, वर्दी का समय पर ना बटना शर्मनाक है। उन्होने कहा है की मंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया एवं शिक्षा मंत्री सुआतिशी दिल्ली की जनता खासकर गरीबों के प्रति जवाबदेह हैं। मनोज तिवारी ने कहा है की उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र ने 2020 में अरविंद केजरीवाल को 7 विधायक दिये फिर भी उत्तर पूर्व दिल्ली में शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं, जनता केजरीवाल को माफ नही करेगी। उन्होने कहा आज जब केन्द्र सरकार का सर्व शिक्षा अभियान देश के गांव गांव में स्कूल पहुंचा रहा है खेदजनक है की केजरीवाल शिक्षा मॉडल के बड़े दावों के बीच उत्तर पूर्वी दिल्ली के स्कूलों में एक कक्षा में 144 छात्र पढ़ने को बाध्य। यह अत्यंत दुखद है की सीलमपुर एवं बाबरपुर जिन दो क्षेत्रों के आम आदमी के बड़े विधायक आते हैं खासकर मंत्री गोपाल राय के क्षेत्र में दिल्ली सरकार के स्कूलों की स्थिती सबसे खराब पाई गई है।

## चूर–चूर हुआ आप का अहंकार, केजरीवाल की याचिका खारिज होने पर बोली बीजेपी सबूतों से साफ है, वही मुख्य सूत्रधार थे

एजेंसीं दिल्ली अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज हमारे सामने जो तीखे तथ्य उभर कर सामने आए हैं, उन्होंने केजरीवाल के स्वयंभू श्कट्टर ईमानदारश चरित्र को पूरी तरह से कलंकित कर दिया है। दिल्ली हाई कोर्ट ने आज सीएम अरविंद केजरीवाल की ईडी गिरफ्तारी को वैध ठहराते हुए जो फैसला सुनाया है, उससे आम आदमी पार्टी का अहंकार पूरी तरह से चकनाचूर हो गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा उत्पाद शुल्क नीति मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली सीएम अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज होने के बाद, राज्यसभा सांसद और भाजपा के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि आम आदमी पार्टी का अहंकार चकनाचूर हो गया है। अरविंद केजरीवाल का पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि स्वघोषित कट्टर ईमानदार का किरदार धारदार तथ्यों के साथ पूरी तरह तार–तार हो गया है। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने कहा है कि म्व ने जो साक्ष्य दिए हैं, उससे साफ होता है कि अरविंद केजरीवाल शराब नीति बनाने में प्रथम सूत्रधार थे। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज हमारे सामने जो तीखे तथ्य उभर कर सामने आए हैं, उन्होंने केजरीवाल के स्वयंभू श्कट्टर ईमानदारश चरित्र को पूरी तरह से कलंकित कर दिया है।

## ईद रोजेदार करते रहे इंतजार, मंगलवार को नहीं दिखा ईद का चांद

संवाददाता।

लखनऊ ईद का चांद मंगलवार को नहीं दिखाई दिया। ईद उल फित्र अब बृहस्पतिवार को मनाई जाएगी। मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने मंगलवार को इस्लामिक माह शवाल का चांद न होने का एलान किया। उन्होंने कहा कि ईद का त्योहार अब बृहस्पतिवार को मनाया जाएगा। मरकजी शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने भी शवाल (ईद) का चांद न होने का एलान किया। मौलाना ने कहा कि 11 अप्रैल को शवाल की पहली तारीख होगी। इसके अलावा इदारा शरइया फरंगी महल के अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती अबुल इरफान मियां फरंगी मही ने भी ईद का चांद न होने का एलान किया है।रमजान उल मुबारक में रोजे रख कर इबादत में गुजार कर रोजेदारों ने अल्लाह की रहमत हासिल करने और अपने गुनाहों की माफी के लिये दुआ की। पूरा एक महीने रोजे रखकर इबादत में गुजारने के बाद अब रोजेदारों को ईद का इंतजार है। ईद का चांद देखने की उलमा की अपील पर शाम को मगरिब की नमाज के बाद रोजेदारों की निगाहें चांद के दीदार को बेकरार रहीं। हर कोई आसमान में टकटकी लगाये चांद की एक झलक पाने का इंतजार करता रहा लेकिन उनका इंतजार खत्म नहीं हुआ। शाम को सुन्नी व शिया उलमा ने ईद का चांद न दिखने का एलान किया। ईद का चांद न होने पर रोजेदार मायूस जरूर हुये लेकिन उन्हें इस बात की खुशी ज्यादा थी कि उन्हें एक दिन और इबादत करने और रोजा रखने का मौका मिला है। इस्लामिक सेन्टर आफ इंडिया फरंगी महल के चेयरमैन एवं ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने ईद उल फित्र की एडवाइजरी जारी कर तमाम मुसलमानों से उस पर अमल करने अपील की। मौलाना ने बताया कि ऐशबाग ईदगाह में ईद उल फित्र की नमाज सुबह 10 बजे होगी। मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने एडवाइजरी जारी करते हुये कहा कि ईदगाह और मस्जिद परिसर के बाहर नमाज अदा न करें। उन्होंने कहा कि अगर मस्जिद नमाजियों से भर जाये तो बाकी के नमाजी दूसरी मस्जिद में नमाज अदा करें। उन्होंने कहा कि अगर सम्भव हो तो मस्जिद की छत पर भी नमाज अदा कर सकते हैं। मौलाना ने बताया कि हर मस्जिद में नमाज के लिए पन्द्रह मिनट से आके घंटे का समय अलग रहता है, ऐसे में मस्जिद भरने पर दूसरी जगह चले जायें। मौलाना ने बताया कि मुसलमानों से ईद के दिन गुस्ल करना, अच्छे कपड़े पहनना, खुशबू , तेल, सुर्मा लगाना और खुजूर खाना सुन्नत है। मौलाना ने नमाज से पहले गरीबों को सद्का देने का आवाहन करते हुये कहा कि इस साल एक आदमी का सदका ए फित्र कम से कम 65 रूपये निर्धारित किया गया है। उन्होंने असुविधा से बचने के लिये ईदगाह में समय से पहले आने की अपील की। मौलाना ने लाउडस्पीकर की आवाज तय मानक के अनुसार रखने और गाड़ियों को पार्किंग की जगह ही पार्क करने की भी अपील की।

**CHANDRA POST GRADUATE DENTAL COLLEGE & HOSPITAL**
In between Hind Medical College & Mayo Medical College, Ayodhya Highway, safedabad, Barabanki, Region Lucknow.






**Admission is open for BDS & MDS**
**CLINICALLY BEST DENTAL COLLEGE**
* 200 bedded hospital with trauma Center.
* Ultra Modern, Advance Dental Hospital for all departments separately.
* Well Equipped Mobile Dental Van for Public Health.
* Record Highest number of Patients inflow amongst all colleges.
* Outstanding facilities of hostel & mess.

Cont: 8447686954 / 6306659654

# भाजपा नेताओं का अहंकार उनके सिर चढ़कर बोल रहा है – अखिलेश यादव

लखनऊ(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा नेताओं का अहंकार उनके सिर चढ़कर बोल रहा है। भाजपाई सत्ता के मद में नैतिकता और अनैतिकता में भेद नहीं कर पा रहे है। भाजपा का लोकतंत्र, संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था में भरोसा नहीं है। भाजपा समाज में भेदभाव करती है। नफरत फैलाती है। विपक्ष को अपमानित कर देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रदूषित करती है। चुनाव में हार के डर से पूरी भाजपा में बौखलाहट है। भाजपा के कार्यकर्ता से लेकर शीर्ष नेता तक भाषा की मर्यादा को भूल गये हैं। विरोधी दलों और नेताओं पर झूठे आरोप लगाना उनका स्वभाव है। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से ध्यान हटाकर जनता को भ्रमित करना ही भाजपा का उद्देश्य रहता है। दस साल की सरकार में भाजपा सरकार ने जनता की समस्याओं पर कोई काम नहीं किया। आज हालत यह है कि जनता में उत्तर प्रदेश ही नहीं पूरे देश में भाजपा के खिलाफ भारी अंसतोष उबल रहा है। भाजपा द्वारा किए गए भारी भ्रष्टाचार, बढ़ती महंगाई, चरम पर पहुंची बेरोजगारी से आम जनता आक्रोशित है। जनता भाजपा के खिलाफ समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान को तैयार है। भाजपा लोकसभा चुनाव में पश्चिम उत्तर प्रदेश से लेकर पूर्वी उत्तर प्रदेश तक, गुजरात, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, बिहार, सब जगह हार रही है। जनता भाजपा का अहंकार तोड़ देगी। पूरे देश में जगह–जगह तमाम संगठन भाजपा को हराने और सत्ता से हटाने की कसमें खा रहें है और संकल्प ले रहें है। देश में माहौल भाजपा के खिलाफ है। इसीलिए घबराई भाजपा के नेता समाज को बांटने और नफरत फैलाने के एजेंडे पर आ गए हैं। भाजपा के पास जनता को बताने के लिए कोई काम नहीं है। अब पूरे देश का किसान, नौजवान, व्यापारी, महिलाएं, पिछड़े, दलित, आदिवासी इंडिया गठबंधन और समाजवादी पार्टी की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहें है।

# बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में हुआ द्वि–दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

लखनऊ(आरएनएस)। बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में दिनाँक 9 अप्रैल को विधि विभाग, विधि अध्ययन विद्यापीठ की ओर से ष्भारत में आपराधिक कानूनों में परिवर्तनरू भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली का एक नया युगष विषय पर आयोजित द्वि–दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का बेहतरीन समापन हुआ। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में देशभर के विभिन्न प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया था। समापन सत्र की अध्यक्षता डीन ऑफ अकेडमिक अफेयर्स प्रो० एस० विक्टर बाबू ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ के निदेशक, आईपीएस अधिकारी डॉ० जी० के० गोस्वामी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मंच पर एडीजी, यातायात एवं सड़क सुरक्षा श्री बी० डी० पॉल्सन, विधि अध्ययन विद्यापीठ की संकायाध्यक्ष प्रो० प्रीति मिश्रा, विधि विभाग की विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम समन्वयक प्रो० सुदर्शन वर्मा, डॉ० प्रदीप कुमार एवं डॉ० अनीस अहमद मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बाबासाहेब के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके पश्चात आयोजन समिति की ओर से मंच पर उपस्थित अतिथियों एवं शिक्षकों को स्मृतिचिन्ह एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम प्रो० प्रीति मिश्रा ने सभी को अतिथियों के परिचय से अवगत कराया। इसके पश्चात द्वि–दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी कीघ्ध रिपोर्ट डॉ० खुशनुमा बानो द्वारा साझा की गई। आईपीएस अधिकारी डॉ० जी० के० गोस्वामी ने चर्चा के दौरान कहा, कि वास्तव में लोगों का यह मानना है कि भारत में कानूनों का उद्देश्य लोगों को न्याय देना कम, उन्हें एडीजी, यातायात एवं सड़क सुरक्षा बी० डी० पॉल्सन ने अपने विचार रखते हुए कहा कि भारतीय न्याय प्रणाली में कानूनों का सरलीकरण जरूरी है। क्योंकि कानून की समझ होने से लोग अपनी रक्षा करने, अपने अधिकारों का दावा करने और उनके साथ अन्याय होने पर आवाज उठाने के प्रति जागरूक रहते है। प्रो० सुदर्शन वर्मा ने आधुनिक भारतीय कानून व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। साथ ही डॉ० प्रदीप कुमार ने समय के साथ कानून के संहिताकरण पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों कोघ्ध पुरस्कृत करके सम्मानित किया गया। साथ ही धन्यवाद ज्ञापन का कार्य डॉ० अनीस अहमद द्वारा किया गया। समस्त कार्यक्रम के दौरान विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, प्रतिभागी, शोधार्थी एवं विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे।

# अब पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान पहले ही सफाई देता है कि हमने कुछ नहीं किया: योगी

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामपुर से भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी के लिए आयोजित जनसभा में मांगा समर्थन

रामपुरध्लखनऊ (आरएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपने बदलते भारत को देखा है। 2014 के पहले भारत के पासपोर्ट का सम्मान नहीं था। पहले पाकिस्तान भारत में कहीं भी विस्फोट कर देता था, लेकिन आज तेज से पटाखा भी बज जाए तो पाकिस्तान पहले ही सफाई देता है कि हमने कुछ नहीं किया है। दुश्मन को पता है कि भारत की तरफ टेढ़ी नजर से देखेंगे तो वह मांद में घुसकर एयर स्ट्राइक से जवाब देना जानता है। यह वह भारत नहीं है, जो विस्फोट और आतंकी घटनाओं पर चुप हो जाता था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को रामपुर में सांसद व भाजपा प्रत्याशी घनश्याम लोधी के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को भारतीय नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने रामपुर से दूसरी बार घनश्याम लोधी को जिताने की अपील की। हमने समाज को जाति–खेमे में नहीं बांटा मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार के आने के बाद गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों के बलिदान दिवस को 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाने लगा है। मोदी जी ने करतारपुर साहब कॉरिडोर बनवा दिया तो अयोध्या में भी 500 वर्षों का इंतजार समाप्त हुआ और राम मंदिर का निर्माण हुआ। हमने समाज को जाति–खेमे में नहीं बांटा। चेहरा देखकर योजनाओं का लाभ नहीं दिया। हमने कहा कि भारत के हर नागरिकों का यहां के संसाधनों पर अधिकार है। अब जाति, मत–मजहब के आधार पर योजनाएं नहीं बनतीं, चयन का आधार 'सबका साथ–सबका विकास' है। विकास सबका, लेकिन तुष्टिकरण किसी का नहीं। मोदी सरकार हर चेहरे पर खुशहाली ला रही है। पहले चुनने के बाद यहां लोग दिखाई नहीं देते थे, घनश्याम लोधी दो वर्ष से विकास कार्यों में जुटे मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले लोग चुनने के बाद दिखाई नहीं देते थे। वे विकास की नहीं, परिवार की बात करते थे। उपचुनाव में आपने भाजपा के घनश्याम लोधी को आशीर्वाद दिया। उन्होंने अपनी सरलता के अनुरूप रामपुर के विकास के लिए कार्य किया। रामपुर की पांच में से चार विधानसभा सीटों पर एनडीए गठबंधन के प्रत्याशियों को चुनाव जिताया। हमारे सभी विधायक विकास योजनाओं को जमीनी धरातल पर उतारने का कार्य कर रहे हैं। मोदी जी ने कहा कि हमें यह चुनाव विकसित भारत के लिए लड़ना है। विकसित भारत के अभियान को बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा सरकार बनानी है। हम रामपुर को चीनी मिल की सौगात देंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रुद्रविलास चीनी मिल की कार्रवाई के लिए पैसा आवंटित कर दिया है। मैंने कहा है कि डीपीआर तैयार कराकर शेष कार्रवाई आगे बढ़ाओ, जिससे आने वाले समय में रामपुर को नई चीनी मिल की सौगात दे सकें। अन्नदाता किसानों की वर्षों से इस मांग को हम समयबद्ध ढंग से पूरा कर पाएंगे। हमने अपने सभी जनप्रतिनिधियों से कहा है कि विकास के मुद्दे पर पीछे नहीं हटना है। विकसित भारत के लिए विकसित उप्र, विकसित उप्र के लिए विकसित रामपुर बनेगा। विकसित रामपुर, जहां उसकी पहचान हो, आपके नाम से कोई भयभीत न हो। लोगों के मन में सम्मान का भाव हो। किसी गरीब की जमीन पर कोई कब्जा का दुस्साहस न करे। हमें ऐसा रामपुर देना है, जहां हर किसी का सम्मान व सबको सुरक्षा हो। इस अवसर पर योगी सरकार के मंत्री जेपीएस राठौर, बलदेव सिंह औलख, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया, रामपुर के सांसद व भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी, विधायक राजबाला, आकाश सक्सेना, शफीक अंसारी, जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस की कुटिल चालों से हुआ देश का विभाजन: मुख्यमंत्री योगी

पीलीभीत लखनऊ (आरएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वर्णिम युग के रूप में भारत मोदी के नेतृत्व में ग्लोबल पावर बनने की ओर अग्रसर है। हम सभी ने बदलते हुए भारत को देखा है। बदलते भारत में सुरक्षा, सम्मान, विकास परियोजनाएं और गरीब कल्याण योजनाओं का कोई सानी ही नहीं है। गुरु नानक देव का जन्म जिस भूमि पर हुआ था, वह कभी अखंड भारत का हिस्सा था। कांग्रेस के कुटिल चालों से देश का विभाजन हुआ, लेकिन सिख भावना और भारत की आस्था का सम्मान करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में करतारपुर कॉरिडोर का निर्माण संभव हो पाया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को ड्रमंड इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित जनसभा में पीलीभीत से भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद, बरेली से छत्रपाल सिंह गंगवार के लिए वोट की अपील की। मुख्यमंत्री ने चौत्र नवरात्रि व भारतीय नव संवत्सर की शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने 26 दिसंबर को दिया वीर बाल दिवस मनाने का अवसरमुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के हिंदू धर्म व संस्कृति की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों ने खुद को बलिदान कर दिया था। बाल दिवस किसी और दिन पर मनाया जाता था, लेकिन भारत के लिए सर्वस्व न्योछावर करने वाले साहिबजादों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए प्रधानमंत्री ने 26 दिसंबर की तिथि को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने का अवसर दिया। यह आयोजन आज हर जगह हो रहा है।अब समय पर होता है गन्ना मूल्य का भुगतानमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीलीभीत एक ओर कृषि के लिए जाना जाता है तो वहीं अपनी अद्भुत कला के लिए भी जाता है। गन्ना किसान यहां की मिठास को देश–प्रदेश व दुनिया में पहुंचाने का कार्य करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संभव हो पाया कि किसानों के गन्ना मूल्य का भुगतान अब समय पर हो रहा है, अन्यथा पहले कई–कई वर्ष लगते थे और गन्ना किसान देखता रह जाता था। वोट गलत हाथों में जाता था तो किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाली सरकारें आती थींमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोई सोचता था कि अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण हो पाएगा, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में यह संभव हो पाया है। भाजपा प्रत्याशियों के लिए विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए मोदी आपके बीच में हैं। दस वर्ष में हमने बदलते भारत देखा है। यह आपके एक वोट की कीमत ने किया है। आपका वोट गलत हाथों में जाता था तो भ्रष्टाचार में संलिप्त, सुरक्षा–नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली, आतंकियों को बिरयानी खिलाने वाली, देश में उपद्रव करवाने वाली और अन्नदाता किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वाली सरकारें आती थीं।भारत आज पिछलग्गू राष्ट्र नहीं, बल्कि ग्लोबल पावर बन रहा है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2014 व 2019 में मतदाताओं ने वोट की कीमत को समझा और मोदी के नेतृत्व पर विश्वास किया तो आज हम बदलते हुए भारत को देख रहे हैं। भारत आज पिछलग्गू राष्ट्र नहीं, बल्कि ग्लोबल पावर बन रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की आवाज–'फिर एक बार–मोदी सरकार', 'अबकी बार–400 पार' के संकल्प के साथ हम सब जुड़ें। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि चुनाव के दिन पहले तीन घंटे के अंदर खुद भी मतदान करें, साथ ही मतदाताओं को ले जाकर अवश्य मतदान कराएं। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा, यूपी सरकार के मंत्री श्री राकेश सचान, बलदेव सिंह औलख, संजय सिंह गंगवार, बरेली के सांसद संतोष गंगवार, भाजपा के पीलीभीत से प्रत्याशी श्री जितिन प्रसाद, बरेली से प्रत्याशी श्री छत्रपाल सिंह गंगवार, पूर्व मंत्री सुरेश राणा आदि मौजूद रहे।

# रामपुर के नेता की भैंस ढूंढने पुलिस निकलती थी पर किसान की नहीं सुनती थी: मुख्यमंत्री योगी

हापुड़ लखनऊ प्रदेश में पहले गौ तस्कर हावी थे। पिछली सरकार उन्हें प्रश्रय देती थी। वहीं कसाई घरों के बाहर बंधी गाय को खोलकर ले जाता था, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती थी। समाजवादी पार्टी के रामपुर के एक नेता की भैंस को ढूंढने के लिए पुलिस को लगाया जाता था, लेकिन किसान के मवेशी चो होने पर पुलिस कुछ नहीं करती थी। आज प्रदेश में किसान, व्यापा, बेटियों समेत हर नागरिक खुद को सुरक्षित महसूस करता है। आज प्रदेश में दंगा और कर्फ्यू नहीं लगता है बल्कि धूमधाम से कांवड़ यात्रा निकलती है। उन पर फूल बरसाए जाते हैं। पहले अपराधियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त होता था। आज अपराधी गले में तख्ती लटकाकर घूमता है कि मे जान बख्श दो। इसका श्रेय आपको जाता है, क्योंकि आपने अच्छी सरकार को चुना है। आपका वोट जब सही जगह जाता है तो सही कार्य होते हैं। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को हापुड़ में आयोजित जनसभा में कहीं। उन्होंने अमरोहा से भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी चौध कंवर सिंह तंवर के पक्ष में वोट की अपील की।सपा और बसपा को अंधेरे से प्यार था मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सपा और बसपा को अंधेरा प्यारा था, इसलिए वह बिजली नहीं देते थे। इस वजह से किसान अपने खेत में पानी के लिए पंपिंग मशीन लगाने को मजबूर थे। वह भी चो हो जाते थे। आज बिना भेदभाव के बिजली मिलने के साथ ही सुरक्षा के भी बेहतर इंतजाम हैं। यही वजह है कि हर जगह डबल इंजन की सरकार की चर्चा हो रही है। 2024 लोकसभा चुनाव में पूरब, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण में पहले ही लोग आश्वस्त हैं कि तीस बार भी मोदी सरकार ही बनेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अभी हाल में उन्होंने महाराष्ट्र, राजस्थान का दौरा किया था, जहां लोग हमा बढ़त ही 5 लाख से शुरू होने की बात कर रहे हैं। जनता जनार्दन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश में विकास की बदलती तस्वीर को देखा है, इसलिए वे फिर से मोदी सरकार लाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पू दुनिया जानती है कि आज देश की कमान मजबूत हाथों में है। दुनिया को पता है कि नया भारत बोलता नहीं है, बल्कि घर में घुसकर मारता है। प्रदेश में वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हो रहा है। उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेस हापुड़ से ही होकर जा रहा है। इससे हापुड़ से प्रयागराज की दू महज 6 घंटे में पू की जा सकेगी।यहां के सांसद का चरित्र आपने संसद में बखूबी देखा है: मुख्यमंत्री योगीइ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पिछली बार थोड़ी सी गलती से अमरोहा को काफी खामियाजा भुगतना पड़ा। इसकी वजह से यहां के ढोलक की थाप कमजोर पड़ रही थी। आप सबने सांसद का चरित्र संसद में देखा है। वह भारत माता का जयकारा लगाने में सोच रहा था। उन्होंने कहा कि क्या ऐसे लोग संसद में जाने चाहिये, जो भारत को मां कहने में संकोच करते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने सपा, बसपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें क्या हो गया है, जो ऐसे लोगों को प्रत्याशी बना रहे हैं। यह उनकी संकीर्ण सोच को दर्शाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम देश को विकसित भारत की ओर बढ़ते हुए देख रहे हैं।

हमें इसका सहभागी बनने का सौभाग्य मिल रहा है। इस अवसर पर बीजेपी के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसौदिया, जिलाध्यक्ष नरेश तोमर, विधायक हरेंद्र तेवतिया, राजीव तरारा, महेंद्र सिंह खड़गवंशी, राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष रविंद्र चौध, जिला पंचायत सदस्य रेखा नागर आदि की उपस्थिति रही।

# नाबालिक से दुष्कर्म के प्रकरण में एक अभियुक्त को आजीवन कारावास व 12 हजार रुपये के दण्ड से दण्डित कराया गया।

ब्यूरो अंकित वर्मा

देवरिया। मंगलवार को ''ऑपरेशन कन्विक्शन'' के तहत जनपदीय पुलिस की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप थाना भटनी पर पंजीकृत मु0अ0सं0–1390ध2014 धारा–376,506,भादंसं व 5ध6 पाक्सो एक्ट में अभियुक्त प्रमोद प्रसाद पुत्र मल्लख प्रसाद निवासी ग्राम टेघरा थाना भटनी जनपद देवरिया को मा0 न्यायालय में प्रभावी पैरवी कर दि0 09.04.2024 को आजीवन कारावास व 12 हजार रुपये के से दण्डित कराया गया। जिसमें विशेष लोक अभियोजक श्री हरिदत्त मिश्र एवं पैरवीकार थाना भटनी आ0 राम प्रसाद चौधरी, कोर्ट मोहर्रिर आ0 शैलेंद्र यादव एवं मानिटरिंग सेल प्रभारी निरीक्षक चंद्रिका प्रसाद जैसल का सराहनीय योगदान रहा।

# एलडीए की देवपुर पारा योजना में बाउन्ड्रीवॉल तोड़कर अवैध रास्ता बनाने वालों पर होगी एफ0आई0आर

लखनऊ(आरएनएस)। विकास प्राधिकरण की देवपुर पारा योजना में बाउन्ड्रीवॉल तोड़कर प्राधिकरण की जमीन से अवैध रास्ता बनाने वाले लोगों के खिलाफ एफ0आई0आर0 दर्ज करायी जाएगी। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ0 इन्द्रमणि त्रिपाठी ने शुक्रवार को योजना का निरीक्षण करके अवैध अतिक्रमण करने वाले लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के आदेश दिये हैं। एलडीए की कबीर नगर, देवपुर पारा योजना में मेसर्स एल एंड टी द्वारा 1520 एम0आई0जी0 व एस0एम0आई0जी0 फ्लैटों का निर्माण कराया गया है। वर्तमान में यहां 1560 ई0डब्ल्यू0एस0, एल0आई0जी0 व एम0एम0आई0जी श्रेणी के भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान निर्माण की प्रगति धीमी पाये जाने पर उपाध्यक्ष ने नाराजगी जताते हुए सम्बंधित अधिकारियों से जवाब–तलब किया। उन्होंने निर्देशित किया कि स्थल पर प्रचलित समस्त कार्यों में तेजी लायी जाए और निर्माण कार्य की गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाए। देवपुर पारा योजना के पीछे आबादी है, जिसके लिए ग्रामीणों द्वारा प्राधिकरण से रास्ता मांगा जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने ग्रामीणों के लिए गेटेड रास्ता देने हेतु वैकल्पिक मार्ग चिन्हित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण में पाया गया कि लल्लू यादव व राजेश यादव ने प्राधिकरण द्वारा बनवायी गयी पक्की बाउन्ड्रीवॉल को तोड़कर अपना गेट लगा लिया है, जहां से प्राधिकरण की जमीन से अवैध रास्ता निकाल कर आवागमन के लिए उसका उपयोग किया जा रहा है। इस पर उपाध्यक्ष ने तत्काल प्रभाव से गेट को बंद करवाकर अवैध अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नामजद एफ0आई0आर0 दर्ज कराने के आदेश दिये। उपाध्यक्ष ने मौके पर तुड़वाया ताला योजना में बने आश्रयहीन भवनों के एक आवंटी अरविन्द पाण्डेय ने एलडीए द्वारा सुरक्षा के लिए बनवायी गयी टीनशेड की बाउन्ड्रीवॉल पर ताला डालकर वॉटर टैंक व सीवर कनेक्शन आदि का कार्य रोक रखा था। निरीक्षण में यह बात उजागर होने पर उपाध्यक्ष ने फील्ड स्टाफ को फटकार लगाते हुए मौके पर ही ताला तुड़वाया। साथ ही अरविंद पाण्डेय व उनके बेटे के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने की एफ0आई0आर0 दर्ज कराने के आदेश दिये। इसके अलावा यहां बने आश्रयहीन भवनों के कुछ आवंटियों ने अवैध रूप से ऊपरी मंजिल पर कमरों का निर्माण करा रखा था, जिसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिये गये। साथ ही उपाध्यक्ष ने कहा कि आश्रयहीन भवनों के संदर्भ में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये आदेशों का उल्लंघन न हो। अवैध निर्माण के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश निरीक्षण में पाया गया कि योजना की दक्षिण बाउन्ड्रीवॉल की तरफ निजी विकासकर्ताओं द्वारा बिना ले–आउटध्मानचित्र स्वीकृत कराये रो–हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। इस पर उपाध्यक्ष ने जोनल अधिकारी से रिपोर्ट तलब की है।

साथ ही योजना के आसपास किये जा रहे सभी अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए नियमानुसार ध्वस्तीकरण कराने के निर्देश दिए हैं। इस मौके पर अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह, मुख्य अभियंता ए0के0 सिंह व मुख्य नगर नियोजक के0के0 गौतम समेत अन्य अधिकारी व अभियंतागण उपस्थित रहे।

# विस्थापित क्षत्रिय समाज से अमर सिंह की जगह विजय सिंह होंगे प्रतापगढ़ से निर्दल प्रत्याशी

प्रतापगढ़(आरएनएस)। विस्थापित क्षत्रिय समाज (चौहान) बिरादरी के लोग प्रतापगढ़ लोकसभा चुनाव निर्दल प्रत्याशी के रूप में लड़ने का निर्णय लिया है। समाज के लोगों ने पट्टी क्षेत्र के मतुई में बैठककर निर्णय लिया। इसके लिए पूर्व प्रधान अमर सिंह भाटी को निर्दलीय उम्मीदवार घोषित किया था। स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण चुनाव लड़ने में अमर सिंह ने असमर्थता व्यक्त किया। अब उनके स्थान पर समाज के अगुवा विजय सिंह वत्स ग्राम प्रधान सुखउ दुबौली पट्टी प्रतापगढ़ का नाम 39 लोक सभा क्षेत्र प्रतापगढ़ से निर्दलीय उम्मीदवार के लिए चयनित हुआ। समाज सेवक लव सिंह गहलौत एडवोकेट ने सर्व सम्मति से विजय सिंह वत्स के नाम की निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में घोषणा किया है। प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद विजय सिंह वत्स ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज की कसौटी पर खरा उतरने के लिए हर संभव प्रयास करूंगा। समाजसेवी लव सिंह गहलौत ने कहा कि निर्दल प्रत्याशी के रूप में विजय सिंह को सर्व समाज का वोट और समर्थन भरपूर मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के बाद से अब तक विस्थापित क्षत्रिय समाज के साथ सभी समाज के गरीबों, मजदूरों, किसानों नौजवानों आदि का शोषण ही हुआ है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पूर्व जिला महामंत्री व पूर्व विधान सभा प्रत्यासी ठाकुर रामबरन सिंह एडवोकेट ने कहा कि जुझारू और कर्मठ उम्मीदवार पाकर समाज में खुशी व्याप्त है। 25 मई को होने वाले मतदान में निर्दलीय उम्मीदवार विजय सिंह वत्स को वोट देकर जिताने की अपील की गयी।इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी जसवंत सिंह, अमर बहादुर सिंह, अभय प्रताप सिंह, डाक्टर गुलाब सिंह परिहार, अवधेश बहादुर सिंह, राजकुमार सिंह, रामशिरोमणि सिंह, संदीप सिंह, रामसहाय सिंह, वृजेंद्र सिंह, समर बहादुर सिंह, शौरभ सिंह, सोनू सिंह, रणधीर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अशोक कुमार राठौर आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट गंभीरतापूर्वक सीखें मतदान की बारीकियां–राकेश प्रसाद

प्रतापगढ़(आरएनएस)। जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन एवं प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक नवनीत सेहरा के नेतृत्व में मंगलवार को दो पालियों में जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को क्षेत्रीय अफीम कोठी में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला में डीडीओ राकेश प्रसाद ने कहा कि सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट पूरी गम्भीरता से मतदान की बारीकियों को सीखें। जो भी जानकारी चाहें उसका समाधान यहीं पर कर लें। बूथ के 200 मीटर परिधि में किसी भी पार्टी की प्रचार सामग्री नहीं रहेगी। न ही किसी पार्टी का कार्यालय रहेगा। जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने सेक्टर एवं जोन के बारे में विस्तृत जानकारी रखें। सम्बन्धित थानों के फोन नम्बर नोटकर रखें। डीडीओ ने कहा कि इस बार चुनाव में एमपीएस ऐप के जरिये मतदाता प्रतिशत संकलन करना है।

# अब गाजा में हो जाएगी शांति! जारी युद्ध के बीच इजरायल –हमास ने की संघर्ष विराम समझौते पर चर्चा

मास के एक सूत्र ने कहा कि समूह उस प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है जिसके तहत छह सप्ताह का संघर्ष विराम होगा और 900 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में इजरायली महिलाओं और बाल बंधकों को रिहा किया जाएगा। सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि पहले चरण में उत्तरी गाजा में विस्थापित फिलिस्तीनी नागरिकों की वापसी और उस क्षेत्र में प्रतिदिन 400 से 500 ट्रक खाद्य सहायता की डिलीवरी भी शामिल होगी, जहां संयुक्त राष्ट्र ने आसन्न अकाल की चेतावनी दी है। हमास ने सोमवार को कहा कि वह काहिरा में बातचीत के बाद संघर्ष विराम और बंधक–कैदियों की अदला–बदली के प्रस्ताव का अध्ययन कर रहा है, क्योंकि इजरायल के रक्षा मंत्री ने कहा कि गाजा में इस्लामी आतंकवादियों के साथ छह महीने के युद्ध के बाद समझौते के लिए यह सही समय है। इजराइल पर युद्धविराम पर सहमत होने के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ रहा है, जिसमें उसके शीर्ष सहयोगी और हथियार आपूर्तिकर्ता संयुक्त राज्य अमेरिका भी शामिल है।इ सोमवार देर रात वार्ता से जुड़े हमास के एक सूत्र ने कहा कि समूह उस प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है जिसके तहत छह सप्ताह का संघर्ष विराम होगा और 900 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में इजरायली महिलाओं और बाल बंधकों को रिहा किया जाएगा। सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि पहले



चरण में उत्तरी गाजा में विस्थापित फिलिस्तीनी नागरिकों की वापसी और उस क्षेत्र में प्रतिदिन 400 से 500 ट्रक खाद्य सहायता की डिलीवरी भी शामिल होगी, जहां संयुक्त राष्ट्र ने आसन्न अकाल की चेतावनी दी है। लेकिन जब बातचीत जारी रही, तो इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि गाजा के सुदूर दक्षिणी राफा शहर में सेना भेजने की तारीख तय कर दी गई है। तन्याहू ने एक वीडियो बयान में कहा, जिसमें समय निर्दिष्ट नहीं किया गया। उन्होंने जोर देकर कहा कि गाजा में हमास के आतंकवादियों पर जीत के लिए सैनिकों को राफा में जाने की आवश्यकता है, जहां लगभग 1.5 मिलियन लोगों ने शरण मांगी है।

# पहले ही विदेश दौरे पर शहबाज को झटका...कश्मीर को लेकर क्राउन प्रिंस ने पाकितान को ये क्या कह दिया

क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय मुद्दा बताया है। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी कहा है कि इस मुद्दे को भारत और पाकिस्तान को बातचीत से सुलझाना होगा। क्राउन प्रिंस का यह रुख शाहबाज के साथ 7 अप्रैल को हुई। पाकिस्तान के साथ संयुक्त बयान में सऊदी अरब जम्मू–कश्मीर पर भारत के रुख का समर्थन करता नजर आया. इसने भारत और पाकिस्तान से अपने ष्बकाये मुद्दोंष को द्विपक्षीय रूप से हल करने का आग्रह किया। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद और पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ के बीच बैठक के बाद दोनों देशों ने एक संयुक्त बयान जारी किया। पाकिस्तान के नवनिर्वाचित पीएम शाहवाज शरीफ अपने पहले विदेश दौरे के तहत सऊदी अरब पहुंचे। हालांकि कश्मीर मुद्दे को लेकर सऊदी अरब ने उन्हें झटका दिया है। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के



बीच द्विपक्षीय मुद्दा बताया है। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी कहा है कि इस मुद्दे को भारत और पाकिस्तान को बातचीत से सुलझाना होगा। क्राउन प्रिंस का यह रुख शाहबाज के साथ 7 अप्रैल को हुई। बातचीत के बाद संयुक्त बयान में आया है। पाक अब तक कश्मीर मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र में जनमत संग्रह का राग अलापता रहा है। लेकिन, भारत इस मसले पर द्विपक्षीय बातचीत का समर्थन करता है।5 अरब डॉलर के निवेश पैकेज पर सऊदी कायम क्राउन प्रिंस ने शाहबाज से कहा कि वह पाकिस्तान में 5 अरब डॉलर (करीब 41 हजार करोड़) के निवेश पैकेज के पहले चरण में तेजी लाने की अपनी प्रतिबद्धता पर कायम हैं।

# कमजोर पड़ने लगा जुंटा विद्रोह, प्रतिरोध ताकतों के हाथों एक और हार का सामना करना पड़ा

करेन नेशनल यूनियन केएनयू, और पीपुल्स डिफेंस फोर्सेज (पीडीएफ), जो म्यांमार की निर्वासित सरकार का हिस्सा हैं, द्वारा पिछले सप्ताह के हमलों के बाद, प्रतिरोध बलों ने कई सैन्य ठिकानों और एक कमांड सेंटर पर कब्जा कर लिया। म्यावाडी थाईलैंड के साथ भूमि व्यापार के लिए म्यांमार का मुख्य बिंदु था, और प्रतिरोध बलों ने पिछले अक्टूबर में जुंटा के खिलाफ एक समन्वित हमले की शुरुआत के बाद से भारत, चीन और बांग्लादेश के साथ सीमाओं पर प्रमुख व्यापार और क्रॉसिंग बिंदुओं पर कब्जा कर लिया था।भारत, चीन और बांग्लादेश के साथ सीमा पर प्रमुख क्षेत्रों पर कब्जा करने में उनकी सफलता के बाद, म्यांमार के जुंटा को थाईलैंड के साथ एक महत्वपूर्ण सीमा व्यापार बिंदु, म्यावाडी शहर पर नियंत्रण करने वाली प्रतिरोध ताकतों के साथ एक और हार का सामना करना



पड़ा है। पूर्वी कायिन राज्य में एक प्रतिरोध बल, करेन नेशनल यूनियन केएनयू, और पीपुल्स डिफेंस फोर्सेज (पीडीएफ), जो म्यांमार की निर्वासित सरकार का हिस्सा हैं, द्वारा पिछले सप्ताह के हमलों के बाद, प्रतिरोध बलों ने कई सैन्य ठिकानों और एक कमांड सेंटर पर कब्जा कर लिया। म्यावाडी थाईलैंड के साथ भूमि व्यापार के लिए म्यांमार का मुख्य बिंदु था, और प्रतिरोध बलों ने पिछले अक्टूबर में जुंटा के खिलाफ एक समन्वित हमले की शुरुआत के बाद से भारत, चीन और बांग्लादेश के साथ सीमाओं पर प्रमुख व्यापार और क्रॉसिंग बिंदुओं पर कब्जा कर लिया था।मामले से परिचित लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि म्यावाडी के पतन को जुंटा के लिए एक और झटके के रूप में देखा जा रहा है, जिससे म्यांमार में अस्थिरता बढ़ेगी। भारतीय अधिकारियों की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई, हालांकि विदेश मंत्रालय ने पहले म्यांमार में हिंसा और अस्थिरता पर चिंता व्यक्त की थी और कहा था कि पड़ोसी देश के घटनाक्रम का भारत की सुरक्षा पर सीधा प्रभाव पड़ता है। सप्ताहांत में 477 सैनिकों और उनके परिवार के सदस्यों सहित 600 से अधिक लोगों ने प्रतिरोध बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। इस संख्या में 67 सैन्य अधिकारी शामिल थे और सैनिकों ने मोर्टार, मशीन गन और सैकड़ों असॉल्ट राइफलों सहित हथियारों का एक बड़ा जखीरा भी आत्मसमर्पण कर दिया।थाईलैंड सरकार ने म्यांमार के राज्य प्रशासन परिषद (एसएसी) या जुंटा के म्यावाड्डी से सीमा पार स्थित माई सॉट हवाई अड्डे के माध्यम से तीन निकासी उड़ानें शुरू करने के अनुरोध को मंजूरी दे दी। हालाँकि, रविवार को म्यांमार से एक उड़ान माई सॉट पहुंचने के बाद, एसएसी ने शेष उड़ानें रद्द कर दीं। म्यांमार की निर्वासित सरकार की सलाहकार संस्था, नेशनल यूनिटी कंसल्टेटिव काउंसिल (एनयूसीसी) के पार्षद टो क्याव ह्लाइंग ने कहा कि प्रतिरोध बलों ने म्यावाडी क्षेत्र पर लगभग पूरा नियंत्रण ले लिया है।

# अमेरिका में एक महीने से लापता भारतीय छात्र की मिली लाश, आखिर क्यों यूए में भारत के छात्रों को बनाया जा रहा है निशाना ?

ओहियो के क्लीवलैंड में मृत पाया गया। न्यूयॉर्क में भारतीय दूतावास ने एक्स पर उनकी दुखद मौत की खबर की पुष्टि की और परिवार के सदस्यों को आश्वासन दिया कि वह अरफात की मौत की गहन जांच के लिए स्थानीय एजेंसियों के साथ समन्वय करेगा। ओहियो हैदराबाद का एक भारतीय छात्र मोहम्मद अब्दुल अरफात, एक महीने से अमेरिका में लापता था, ओहियो के क्लीवलैंड में मृत पाया गया। न्यूयॉर्क में भारतीय दूतावास ने एक्स पर उनकी दुखद मौत की खबर की पुष्टि की और परिवार के सदस्यों को आश्वासन दिया कि वह अरफात की मौत की गहन जांच के लिए स्थानीय एजेंसियों के साथ समन्वय करेगा। गौरतलब है कि 25 वर्षीय अरफात ओहियो की क्लीवलैंड यूनिवर्सिटी में इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी का छात्र था।इ भारत ने परिजनों को दिया न्याय का आश्वासन भारतीय दूतावास ने एक सोशल मीडिया पोस्ट पर पुष्टि की, ष्यह जानकर दुख हुआ कि श्री मोहम्मद अब्दुल अरफात, जिनके लिए खोज अभियान चल रहा था, क्लीवलैंड, ओहियो में मृत पाए गए। श्री मोहम्मद अरफात के परिवार के प्रति हमारी गहरी संवेदना है। इसके अलावा, यह दावा किया गया कि छात्र की मौत की गहन जांच सुनिश्चित करने के लिए अधिकारी स्थानीय एजेंसियों के संपर्क में हैं। इसमें कहा गया है, ष्हम उनके पार्थिव शरीर को भारत लाने के लिए शोक संतप्त परिवार को हर संभव सहायता दे रहे हैं। इससे पहले 18 मार्च को दूतावास ने पुष्टि की थी कि उन्हें लापता भारतीय छात्र के बारे में पता है और उन्होंने कहा था कि अधिकारी अराफ्थ का पता लगाने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहे हैं। हालाँकि इसमें हैदराबाद में उनके माता–पिता को फिरौती के लिए कॉल आने के बारे में कोई शब्द नहीं बताया गया, लेकिन कई मीडिया ने बताया कि परिवार के सदस्यों को अज्ञात लोगों से फोन आया, जिन्होंने 1,200 डॉलर की फिरौती मांगी, जो भारतीय मुद्रा में लगभग एक लाख है। अज्ञात कॉलर ने अब्दुल के पिता को बताया कि क्लीवलैंड में ड्रग विक्रेताओं ने उसका अपहरण कर लिया है। दरअसल, फोन करने वाले ने रकम न देने पर उसके पिता को किडनी बेचने की चेतावनी दी थी। ष्मुझे एक अज्ञात नंबर से फोन आया, और फोन करने वाले ने मुझे बताया कि मेरे बेटे का अपहरण कर लिया गया है और पैसे की मांग की। फोन करने वाले ने भुगतान के तरीके का उल्लेख नहीं किया, लेकिन सिर्फ राशि का भुगतान करने के लिए कहा। जब मैंने फोन करने वाले से हमें अनुमति देने के लिए कहा अरफात के पिता मोहम्मद सलीम ने हैदराबाद में पीटीआई को बताया, श्मेरे बेटे से बात करने से उसने इनकार कर दिया। घबराए परिवार के सदस्यों ने अमेरिका में अपने रिश्तेदारों को सूचित किया जिन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। क्लीवलैंड पुलिस द्वारा जारी एक पोस्टर में, पुलिस ने अपने निगरानी आदेश में कहा कि अब्दुल ने सफेद टी–शर्ट, लाल जैकेट और नीली जींस पहनी हुई थी। उस वक्त हताश परिवार ने शिकागो में इंडियन काउंसिल से भी अपील की थी कि उनके बेटे को ढूंढने में उनकी मदद की जाए।

अमेरिका में भारतीय छात्रों पर हमले बढ़े संयुक्त राज्य अमेरिका में भारतीय छात्रों पर हो रही मौतों और हमलों की श्रृंखला में अपहरण और मौतों की नवीनतम रिपोर्ट आई है।





अकेले 2024 में, कम से कम नौ छात्र मारे गए और कई अन्य को गंभीर हमलों का सामना करना पड़ा। इससे पहले जनवरी में, 19 वर्षीय नील आचार्य, जिसके लापता होने की सूचना मिली थी, पर्ड्यू यूनिवर्सिटी वेस्ट लाफायेट परिसर में मृत पाया गया था। आचार्य अमेरिकी नागरिक थे. अधिकारियों ने कहा है कि आचार्य पर शव परीक्षण के दौरान कोई आघात या महत्वपूर्ण चोटें नहीं पाई गईं और ष्इस समय किसी भी तरह की गड़बड़ी का संदेह नहीं है। इस साल जनवरी में, 25 वर्षीय भारतीय छात्र विवेक सैनी को जॉर्जिया में एक बेघर नशेड़ी ने पीट–पीट कर मार डाला था। इसी तरह, एक अन्य भारतीय छात्र, सैयद मजाहिर अली, जो हैदराबाद का रहने वाला था और सूचना प्रौद्योगिकी में मास्टर की पढ़ाई कर रहा था, का शिकागो में तीन अज्ञात लोगों ने पीछा किया और बेरहमी से हमला किया। अमेरिकी प्रशासन ने दिया सुरक्षा का आश्वासन संयुक्त राज्य अमेरिका में भारतीय छात्रों पर हमलों की एक श्रृंखला के बीच, बिडेन प्रशासन के एक शीर्ष दूत ने प्रतिक्रिया व्यक्त की और आश्वासन दिया कि अमेरिकी सरकार भारतीय प्रवासियों के लिए जगह को सुरक्षित बनाने के लिए काम कर रही है। भारत में अमेरिकी राजदूत, एरिक गार्सेटी ने भारतीय छात्रों की ष्दुर्भाग्यपूर्णष मौतों को स्वीकार किया और इस बात पर जोर दिया कि राष्ट्रपति जो बिडेन के नेतृत्व वाली सरकार सुरक्षा एजेंडे को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए देश को अध्ययन के लिए एक शानदार जगह बनाना सुनिश्चित करेगी। कार्यक्रम से इतर राजदूत गार्सेटी ने कहा, ष्कोई भी त्रासदी होने पर हमारा दिल हमेशा द्रवित हो जाता है, चाहे वह किसी की जान ले ली गई हो या कोई हिंसा हो, चाहे वे कोई भी हों।ष अमेरिकी दूत ने कहा, ष्हम यह सुनिश्चित करने के लिए बहुत प्रतिबद्ध हैं कि भारतीयों को पता चले कि संयुक्त राज्य अमेरिका अध्ययन करने और सुरक्षित रहने के लिए एक शानदार जगह है। इसके अलावा, उन्होंने स्वीकार किया कि त्रासदी दुनिया के किसी भी कोने में हो सकती है, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा के लिए अमेरिका भारतीय छात्रों के लिए पसंदीदा स्थान रहा है। मौतों की हालिया घटनाओं को रेखांकित करते हुए, गार्सेटी ने कहा कि यह अमेरिकी सरकार का कर्तव्य है कि वह अमेरिका में रहने वाले प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने भारतीय समकक्ष के साथ मिलकर काम करे।

# चाह कर भी कोई भारत–रूस की दोस्ती के बीच नहीं आ सका, पुतिन के सबसे घातक हथियार ने दिल्ली में दी दस्तक

भारत ने पिछले साल नवंबर में रूस के साथ 120 लॉन्चर और 400 मिसाइलों के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। जबकि पहला बैच रूस से आया है, बाकी इन प्रणालियों को एक भारतीय कंपनी द्वारा रूस से प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) के माध्यम से भारत में बनाया जाएगा। तमाम देशों के खिलाफत के बावजूद भारत और रूस के बीच जो व्यापार होता आया है। इस पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। हथियारों को लेकर भारत हमेशा से रूस पर निर्भर रहा है। कई देशों ने इसकी खिलाफत भी की है। मगर कोई भी देश इसके बीच न आ सके। ऐसे में भारतीय सेना को एक बड़े सौदे के तहत 24 रूस निर्मित –एस मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम का पहला बैच 100 मिसाइलों के



साथ मिल चुका है। भारत में घरेलू उत्पादन भी शामिल है। भारतीय सेना की बहुत कम दूरी की वायु रक्षा (टैम्ब्ह्।क) क्षमताओं को बढ़ाने के लिए ष्हसं्ैष् प्रणाली का अधिग्रहण किया जा रहा है। रक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने खुलासा किया कि यह खरीद एक महत्वपूर्ण खरीद है, जो 2021 में की गई छोटी आपातकालीन खरीद के विपरीत है। इग्ला–एस एक हाथ से पकड़ी जाने वाली रक्षा प्रणाली है जिसे किसी व्यक्ति या चालक दल द्वारा संचालित किया जा सकता है। इसे कम उड़ान वाले विमानों को गिराने के लिए डिजाइन किया गया है और यह क्रूज मिसाइलों और ड्रोन जैसे हवाई लक्ष्यों को भी पहचान और बेअसर कर सकता है। द डिफेंस पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, इग्ला–एस प्रणाली में 9ड342 मिसाइल, 9च्522 लॉन्चिंग तंत्र, 9ट866–2 मोबाइल परीक्षण स्टेशन और 9थ719–2 परीक्षण सेट शामिल हैं। ये घटक व्यापक वायु रक्षा समाधान प्रदान करने के लिए मिलकर काम करते हैं। भारत ने पिछले साल नवंबर में रूस के साथ 120 लॉन्चर और 400 मिसाइलों के लिए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे। जबकि पहला बैच रूस से आया है, बाकी इन प्रणालियों को एक भारतीय कंपनी द्वारा रूस से प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) के माध्यम से भारत में बनाया जाएगा। इग्ला–एस सिस्टम उच्च पहाड़ी इलाकों के लिए नए वायु रक्षा संरचनाओं के लिए हैं उत्तरी सीमा. सूत्रों का कहना है कि एक रेजिमेंट को ये प्रणालियाँ पहले ही प्राप्त हो चुकी हैं, और जैसे–जैसे डिलीवरी आगे बढ़ेगी, और भी सिस्टम प्राप्त होंगे।

# न्यूजीलैंड ने कार्य वीजा नियमों को किया और कड़ा, रिकार्ड प्रवासियों के आने के बाद लिया फैसला

मान्यता प्राप्त नियोक्ता श्रमिक वीजा (एईडब्ल्यूवी) योजना में बदलाव मुख्य रूप से कम–कुशल रोजगार चाहने वाले व्यक्तियों को प्रभावित करते हैं, जिन्हें अब अधिक सख्त अंग्रेजी–भाषा दक्षता आवश्यकताओं को पूरा करना होगा और वीजा अवधि में पांच साल से घटाकर तीन साल की कमी का सामना करना पड़ेगा। न्यूजीलैंड सरकार ने मान्यता प्राप्त नियोक्ता श्रमिक वीजा (।म्ट) योजना में तत्काल बदलाव की घोषणा की, जो यह सुनिश्चित करेगा कि देश उन कौशलों को आकर्षित करे जिनकी उसे आवश्यकता है, और प्रवासियों के शोषण की संभावना को कम करेगा। यह तब आया है जब सरकार न्यूजीलैंड में अस्थिर शुद्ध प्रवासन पर प्रतिक्रिया दे रही है। आव्रजन मंत्री एरिका स्टैनफोर्ड ने रविवार को कहा कि अर्थव्यवस्था के पुनर्निर्माण की इस सरकार की योजना के लिए हमारी आव्रजन सेटिंग्स को सही करना महत्वपूर्ण है। मान्यता





प्राप्त नियोक्ता श्रमिक वीजा (एईडब्ल्यूवी) योजना में बदलाव मुख्य रूप से कम–कुशल रोजगार चाहने वाले व्यक्तियों को प्रभावित करते हैं, जिन्हें अब अधिक सख्त अंग्रेजी–भाषा दक्षता आवश्यकताओं को पूरा करना होगा और वीजा अवधि में पांच साल से घटाकर तीन साल की कमी का सामना करना पड़ेगा। पिछले साल, न्यूजीलैंड में प्रवासियों की लगभग रिकॉर्ड आमद देखी गई, जिसमें लगभग 173,000 लोग देश में चले गए। इसके आलोक में, अधिकांश कार्य वीजा के लिए आवेदकों को अब अधिकांश एईडब्ल्यूवी भूमिकाओं के लिए न्यूनतम कौशल और कार्य अनुभव सीमा को पूरा करना आवश्यक है। स्टैनफोर्ड ने कहा कि बस और ट्रक ड्राइवरों के लिए वर्क टू रेजिडेंस मार्ग भी नए आवेदकों के लिए बंद हो रहा है, क्योंकि इसकी स्थापना के समय ड्राइवरों की जो कमी बताई गई थी, उसे पूरा कर दिया गया है। नियोक्ताओं को अब यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा गया है कि प्रवासी श्रमिक उन्हें काम पर रखने से पहले विशिष्ट योग्यताएं और कौशल पूरा करें। स्टैनफोर्ड ने कहा कि यह एक बेहतर आव्रजन प्रणाली बनाने के लिए अधिक व्यापक कार्य कार्यक्रम की शुरुआत का प्रतीक है। 2022 के अंत के बाद से 5.3 मिलियन लोगों की आबादी वाले न्यूजीलैंड में प्रवासियों में बड़ी वृद्धि देखी गई है। स्टैनफोर्ड ने कहा कि सरकार माध्यमिक शिक्षकों जैसे उच्च कुशल प्रवासियों को आकर्षित करने और बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जहां कौशल की कमी है।

उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि न्यूजीलैंडवासियों को उन नौकरियों के लिए कतार में सबसे आगे रखा जाए जहां कौशल की कोई कमी नहीं है। न्यूजीलैंड के प्रधान मंत्री, क्रिस्टोफर लक्सन ने पिछले साल देश की उच्च प्रवासन दर के बारे में चिंता व्यक्त की थी, जो उन्हें षबिल्कुल भी टिकाऊ नहीं लगा।

# ताइवान में भूकंप के बाद चीन की कमर तोड़ने का तगड़ा प्लान एक्टिव, मोदी सरकार ने कर दिया बड़ा धमाका

टाटा सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट प्राइवेट लिमिटेड 27,000 करोड़ रुपये के निवेश से असम के मोरीगांव में एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करेगी। वैष्णव ने यह भी बताया कि सीजी पावर – रेनेसा इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन, जापान और स्टार्स माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स, थाईलैंड के साथ साझेदारी में गुजरात के साणंद में एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करेगी। साणंद इकाई में 7,600 करोड़ रुपये का निवेश होने का अनुमान है। पिछले वर्ष की दिसंबर तिमाही के दौरान भारत में स्थापित लगभग 30 प्रतिशत नए वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) सेमीकंडक्टर क्षेत्र में थे, जो फ्रंट–एंड डिजाइन, प्रदर्शन परीक्षण जैसे क्षेत्रों में स्थानीय प्रतिभा पूल का लाभ उठाने में बढ़ती रुचि का संकेत देता है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में हालिया जुड़ावों में सिग्नेचर आईपी है, जो नेटवर्क–ऑन–चिप (एनओसी) तकनीक को आगे बढ़ाने पर ध्यान देने के साथ 2021 में स्थापित कंपनी है। इस विस्तार में अग्रणी सिग्नेचर आईपी, एजकोर्टिक्स और एम31 टेक्नोलॉजी कॉर्पोरेशन जैसी नवोन्मेषी कंपनियां हैं, जिनमें से प्रत्येक सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र में अद्वितीय विशेषज्ञता का योगदान दे रही है। बेंगलुरु और हैदराबाद सेमीकंडक्टर जीसीसी के लिए प्रमुख केंद्र के रूप में उभरे हैं, जो कुल 55 केंद्रों में से दो–तिहाई से अधिक की मेजबानी करते हैं और 50,000 के विशेष कार्यबल को रोजगार देते हैं। टाटा सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट प्राइवेट लिमिटेड 27,000 करोड़ रुपये के निवेश से असम के मोरीगांव में एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करेगी। वैष्णव ने यह भी बताया कि सीजी पावर – रेनेसा इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन, जापान और स्टार्स माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स, थाईलैंड के साथ साझेदारी में गुजरात के साणंद में एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करेगी। साणंद इकाई में 7,600 करोड़ रुपये का निवेश होने का अनुमान है। टाटा द्वारा गुजरात के ध्ोलेरा में जो प्लांट लगाया जाएगा वहां 50 हजार वेफर हर महीने बनेंगे। एक वेफर में 5 हजार चिप होते हैं। यानी हर महीने 25 करोड़ सेमीकंडक्टर चिप बनेंगे। असम वाले प्लांट में हर दिन 4.80 करोड़ चिप बनाने की क्षमता होगी। गुजरात के साणंद में जो प्लांट बनेगा वहां हर दिन 1.5 करोड़ चिप बनाई जा सकेगी। पूरी दुनिया को नचाने वाली इस चिप में क्या है?सेमीकंडक्टर चिप को इलेक्ट्रॉनिक प्रॉडक्ट्स का दिल माना जाता है। स्मार्टफोन्स से लेकर कार, डेटा सेंटर्स, कम्प्यूटर्स, लैपटॉप, टैबलेट, स्मार्ट डेवाइसेज, वीकल्स, हाउसहोल्ड अप्लायंसेज, लाइफ सेविंग फार्मास्यूटिकल डिवाइसेज, एग्रीटेक, एटीएम और कई तरह के उत्पादों में इसका व्यापक इस्तेमाल होता है। चिप आर्टिफिशल इंटेलीजेंस, क्वांटम कम्प्यूटिंग, एडवांस्ड वायरलेस नेटवर्क्स, ब्लॉकचेन एप्लिकेशंस, 5जी, आईओटी, ड्रोन, रोबोटिक्स, गेमिंग और वियरेबल जैसी एमजिंग टेक्नोलॉजीज का अहम हिस्सा हैं। यानी सेमीकंडक्टर चिप मॉडर्न कम्प्यूटेशन के बिल्डिंग ब्लॉक्स हैं। लेकिन चिप बनाने की प्रक्रिया बहुत जटिल है और यह कारोबार कई देशों तक फैला है। अमेरिका–चीन में तनातनी की वजह

# आईपीएल टीम मालिकों के साथ बीसीसीआई की 16 अप्रैल को अहमदाबाद में होनी वाली बैठक रद्द- रिपोर्ट



रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई और आईपीएल टीम मालिकों के बीच ये बैठक नहीं होने वाली है। पहले ये बताया गया था सभी टीमों के मालिकों को आईपीएल सीईओ हेमांग अमीन ने निमंत्रण भेजा था। लेकिन टीओआई ने ये पुष्टि कर दी है कि फ्रेंचाइजी मालिकों को किसी तरह का निमंत्रण नहीं मिला है। आईपीएल की 10 टीमों के मालिकों के साथ 16 अप्रैल को बीसीसीआई की होने वाली मीटिंग रद्द हो गई है। दअरसल, समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार बोर्ड और आईपीएल की सभी टीमों के मालिकों के बीच ये बैठक अहमदाबाद में होनी थी। ज्व् की रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई और आईपीएल टीम मालिकों के बीच ये बैठक नहीं होने वाली है। पहले ये बताया गया था सभी टीमों के मालिकों को आईपीएल सीईओ हेमांग अमीन ने निमंत्रण भेजा था।लेकिन टीओआई ने ये पुष्टि कर दी है कि फ्रेंचाइजी मालिकों को किसी तरह का निमंत्रण नहीं मिला है। रिपोर्ट के अनुसार एक सूत्र ने बताया कि, फ्रेंचाइजियों को अब तक कुछ भी सूचित नहीं किया गया है। इसलिए ये कहना मुश्किल है कि बैठक होगी। हालांकि, बैठक में बोर्ड अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह और आईपीएल अध्यक्ष अरुण सिंह धूमल समेत अन्य बोर्ड अधिकारियों को शामिल होना था। जिसमें आईपीएल की पॉलिसी को लेकर चर्चा की जानी थी। खासतोर से प्येर रिटेंशन, नीलामी प्रक्रिया और सैलरी कैप चर्चा का विषय होने थे।

# चेन्नई और कोलकाता के बीच रोमांचक मुकाबला, यहां देखें दोनों की प्लेइंग 11



चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुकाबला खेला जा रहा है। वहीं चेन्नई ने टॉस जीतकर केकेआर को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है। वहीं सीएसके ने मुस्तफिजुर रहमान, शार्दुल ठाकुर और समीर रिजवी को मौका दिया है। जबकि दीपक चाहर अनफिट होने के कारण बाहर हो गए हैं। केकेआर ने अपनी प्लेइंग इलेवन में कोई बदलाव नहीं किया है।चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुकाबला खेला जा रहा है। वहीं चेन्नई ने टॉस जीतकर केकेआर को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है। वहीं सीएसके ने मुस्तफिजुर रहमान, शार्दुल ठाकुर और समीर रिजवी को मौका दिया है। जबकि दीपक चाहर अनफिट होने के कारण बाहर हो गए हैं। केकेआर ने अपनी प्लेइंग इलेवन में कोई बदलाव नहीं किया है। केकेआर के खिलाफ इस मैच को जीतकर चेन्नई जीत की पटरी पर लौटना चाहेगी। सीएसके को शुरुआती दो जीत के बाद लगातार दो मैचों में हार झेलनी पड़ी। चेन्नई ने आखिरी मैच सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 6 विकेट से हार झेली। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के नेतृत्व वाली चेन्नई टीम प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर है। जबकि केकेआर दूसरे नंबर पर है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली केकेआर टीम ने अभी तक तीनों मैचों में विजयी परचम लहराया है। केकेआर की सोमवार को जीत के चौके पर नजर होगी। कोलकाता को सुनील नरेन से एक फिर शानदार प्रदर्शन की उम्मीद होगी। जो पिछले दो मुकाबलों में प्लेयर ऑफ द मैच रहे। दोनों टीमों की प्लेइंग इलेव ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), रचिन रवींद्र, अजिंक्य रहाणे, डेरिल मिशेल, समीर रिजवी, रवींद्र जडेजा, एमएस धोनी (विकेटकीपर), शार्दुल ठाकुर, मुस्तफिजुर रहमान, तुषार देशपांडे, महीश थीक्षाना। झ्झ्त्– फिलिप साल्ट (डब्ल्यू), सुनील नरेन, वेंकटेश अय्यर, श्रेयस अय्यर (सी), अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह, रमनदीप सिंह, मिशेल स्टार्क, वैभव अरोड़ा, वरुण चक्रवर्ती।

# चेन्नई ने कोलकाता को 7 विकेट से दी पटखनी, रितुराज ने खेली बेहतरीन पारी



चेन्नई सुपर किंग्स जीत की पटरी पर लौट आई। सीएसके ने लगातार दो मैच गंवाने के बाद केकेआर के खिलाफ 7 विकेट से बेहतरीन जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए केकेआर ने चेन्नई को 138 रन का टारगेट दिया था। जिसे सीएसके ने 14 गेंद शेष रहते हुए चेज कर लिया। वहीं इस दौरान ऋतुराज गायकवाड़ ने कप्तानी पारी खेली।सोमवार को चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में सीएसके और केकेआर के बीच आईपीएल 2024 का मुकाबला खेला गया। जहां चेन्नई सुपर किंग्स जीत की पटरी पर लौट आई। सीएसके ने लगातार दो मैच गंवाने के बाद केकेआर के खिलाफ 7 विकेट से बेहतरीन जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए केकेआर ने चेन्नई को 138 रन का टारगेट दिया था। जिसे सीएसके ने 14 गेंद शेष रहते हुए चेज कर लिया। वहीं इस दौरान ऋतुराज गायकवाड़ ने कप्तानी पारी खेली। उन्होंने 58 गेंदों में 9 चौकों की बदौलत नाबाद 67 रन बनाए। वहीं चेन्नई के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने चार ओवर में महज 18 रन देकर तीन विकेट झटके। चेन्नई की पांच मैचों में यह तीसरी जीत है जबकि केकेआर के लिए चार मैचों में यह पहली हार है। 'प्लेयर ऑफ द मैच' जडेजा ने अपनी शुरुआती आठ गेंद के अंदर अंगकृष रघुवंशी (18 गेंद में 24 रन), सुनील नारायण (20 गेंद में 27 रन) और वेंकटेश अय्यर (तीन रन) के विकेट के साथ केकेआर की पारी का रूख मोड़ दिया जिससे टीम नौ विकेट पर 137 रन ही बना सकी। सीएसके ने 17.4 ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। रुतुराज ने 58 गेंद की पारी के दौरान नौ चौके लगाये। उन्होंने इस दौरान रचिन रविंद्र (15) के साथ पहले विकेट के लिए 20 गेंद में 27 जबकि डेरिल मिचेल (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 गेंद में 70 रन की साझेदारी की। इस सलामी बल्लेबाज ने शिवम दुबे (28) के साथ 26 गेंद में 38 रन की साझेदारी कर टीम की जीत सुनिश्चित की। दुबे ने 18 गेंद की पारी में तीन छक्के और एक चौका लगाया। केकेआर के लिए वैभव अरोड़ा ने चार ओवर में 28 रन देकर दो विकेट लिये। इससे पहले जडेजा को तुषार देशपांडे (चार ओवर में 33 रन पर तीन विकेट), मुस्तफिजुर रहमान (चार ओवर में 22 रन पर दो विकेट) और महीश तीक्षणा (चार ओवर में एक विकेट पर 28 रन) का अच्छा साथ मिला। केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर ने 32 गेंद में सबसे ज्यादा 34 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए रचिन रविंद्र ने तीसरे ओवर में स्टार्क के खिलाफ तीन चौके जड़े लेकिन अगले ओवर में वैभव अरोड़ को गेंद को लॉन्ग ऑन पर वरुण चक्रवर्ती को कैच दे बैठे। गायकवाड़ ने पांचवें ओवर में अनुकूल रॉय के खिलाफ कदमों और टाइमिंग का इस्तेमाल का तीन कलात्मक चौके लगाये। उन्होंने अगले ओवर में वैभव की गेंद पर लगातार दो चौके जड़े जिससे पावरप्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 52 रन हो गया। तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी के लिए आये डेरिल मिचेल ने नारायण के खिलाफ छक्का और चौका लगाकर हाथ खोला। दोनों ने इसके बाद संभल कर बल्लेबाजी करते हुए दौड़कर रन चुराने पर ध्यान दिया। रुतुराज ने 12वें ओवर में चक्रवर्ती की गेंद पर दो रन लेकर मौजूदा सत्र का अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। नारायण ने अगले ओवर में मिचेल को बोल्ड कर केकेआर को दूसरी सफलता दिलायी। शिवम दुबे ने क्रीज पर आते ही रसेल की गेंद पर चौका जड़ हाथ खोला और फिर चक्रवर्ती की लगातार दो गेंदों को दर्शकों के पास भेजा। उन्होंने अगले ओवर में अरोड़ा के खिलाफ भी छक्का लगाकर

टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचाया लेकिन अगली गेंद पर बोल्ड हो गये। इस विकेट के गिरने के बाद मैदान में 'थाला' और (महेंद्र सिंह) 'धोनी' का नारा गूंजने लगा और चेन्नई सुपर किंग्स के इस करिश्माई खिलाड़ी ने क्रीज पर उतर कर दर्शकों को निराश नहीं किया। उन्होंने 18वें ओवर में अनुकूल रॉय की गेंद पर रन के साथ खाता खोला और फिर रुतुराज ने चौका लगाकर टीम को जीत दिला दी।

# घरेलू मुल्लांपुर स्टेडियम में होने वाले मैचों पर रोक लगाने की मांग



पंजाब विश्वविद्यालय के न्प्रै के आखिरी वर्ष के कानून के छात्र निखिल थम्मन द्वारा याचिका में कहा गया है कि क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण आवश्यक पर्यावरणीय मंजूरी के बिना हुआ है और वह 2006 के पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना का घोर उल्लंघन है ।आईपीएल 2024 में पंजाब किंग्स के दूसरे घरेलू मैच से पहले मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में किसी भी क्रिकेट मैच के आयोजन पर रोक लगाने के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है। दरअसल, पंजाब विश्वविद्यालय के न्प्रै के आखिरी वर्ष के कानून के छात्र निखिल थम्मन द्वारा याचिका में कहा गया है कि क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण आवश्यक पर्यावरणीय मंजूरी के बिना हुआ है और वह 2006 के पर्यावरण प्रभाव आकलन अधिसूचना का घोर उल्लंघन है। थम्मन ने याचिका में इस बात पर भी प्रकाश डाला है कि स्टेडियम सेक्टर–21, चंडीगढ़ में एक पक्षी अभयारण्य के 10 किलोमीटर के दायरे में आता है, जिसका मतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुरूप राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड से पूर्व पर्यावरणीय मंजूरी प्राप्त की जानी चाहिए। ऐसा नहीं किया गया है। इसके अलावा, उन्होंने न्यायालय से उन अधिकारिकारियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करने का आदेश देने का आग्रह किया है, जिन्होंने स्टेडियम के अनधिकृत निर्माण की अनुमति दी और ऐसे में क्षेत्र में क्रिकेट मैच आयोजित करने की अनुमति दी। इसके अलावा, याचिकाकर्ता ने स्टेडियम के किसी भी अन्य निर्माण को रोकने के लिए निर्देश देने की मांग की है।

# रितुराज गायकवाड़ की स्लो शुरुआत से चेन्नई को नुकसान! कोच ने किया बचाव

सीएसके के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने आईपीएल 2024 सीजन में टीम को धीमी शुरुआत देने पर ऋतुराज गायकवाड़ का बचाव किया। ऋतुराज गायकवाड़ को बल्लेबाजी क्रम के टॉप पर अपनी निरंतरता के लिए जाना जाता है, लेकिन युवा सलामी बल्लेबाज नए सीजन में 5 बार के चौंपियन के कप्तान के रूप में कार्यभार संभालने के बाद बल्ले से अहम प्रभाव डालने में संघर्ष कर रहे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइटराइडर्स से पहले सीएसके के गेंदबाजी कोच एरिक सिमंस ने आईपीएल 2024 सीजन में टीम को धीमी शुरुआत देने पर ऋतुराज गायकवाड़ का बचाव किया। ऋतुराज गायकवाड़ को बल्लेबाजी क्रम के टॉप पर अपनी निरंतरता के लिए जाना जाता है, लेकिन युवा सलामी बल्लेबाज नए सीजन में 5 बार के चौंपियन के कप्तान के रूप में कार्यभार संभालने के बाद बल्ले से अहम प्रभाव डालने में संघर्ष कर रहे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स ने 2 मुकाबले जीते हैं और 2 में उसे हार मिली है। 8 अप्रैल को चेपॉक स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइड से उसकी भिड़ंत होगी। सभी की निगाहें कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और उनकी सलामी जोड़ीदार रचिन रविंद्र पर होंगी। सिमंस ने केकेआर के खिलाफ मैच से पहले कहा कि, ज्यादा चिंता की कोई बात नहीं है। वह एक क्वालिटी क्रिकेटर है। चीजें उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहीं लेकिन ये उच्चस्तरीय क्रिकेट का नेचर है। आपको मैदान पर जाना होगा और कॉन्फिडेंस के साथ खेलना होगा। कुछ तक आपको जोखिम लेकर खेलना होगा। वह कमाल दिखाएगा, वह उस तरह का इंसान है। वह शांत है और इस मामले में जो करना चाहता है उस पर ध्यान केंद्रित किया है।



# प्रेस किए हुए कपड़ों पर भी अगर सिलवटें पड़ जाएं, तो अपनाएं ये उपाय



क्या आपने कभी गौर किया है कि कैसे हमारे प्यार से प्रेस किए गए कपड़े अक्सर खुद–ब–खुद सिलवटें पकड़ लेते हैं सुबह की जल्दी में जब हम उन्हें पहनने के लिए निकालते हैं, तो वो सिलवटों से भरे हुए मिलते हैं. हम आपको यहां पर उन सरल उपायों के बारे में बताएंगे, जिनसे आप अपने कपड़ों को इस तरह रख सकते हैं कि सिलवटों से छुटकारा पाया जा सके. आइए जानते हैं कि आसान तरीके जो आपके कपड़ों पर सिलवटें नहीं पडने नहीं देंगे.

कपड़े धोते समय ध्यान दें

कपड़े धोने से पहले, उन्हें सावधानी से चुनें. नाजुक कपड़े और मजबूत कपड़े अलग–अलग धोएं. जब सारे कपड़े एक साथ धोए जाते हैं, तो वे आपस में उलझ सकते हैं, जिससे उनमें सिकुडन और खराबी आ सकती है. इस तरह से अलग–अलग धोने से कपड़े ज्यादा अच्छे रहते हैं.

ड्रायर का सही उपयोग

कपड़े सुखाते समय ध्यान रखें, बहुत गरम ड्रायर से कपड़े सिकुड़ सकते हैं. इसलिए, हमेशा ड्रायर को हल्के मोड पर इस्तेमाल करें जिससे कपड़ों में थोड़ी नमी बची रहे. यह कपड़ों को सुरक्षित रखता है और उन्हें ज्यादा देर तक नया बनाए रखता है.

सुखाने का सही तरीका

कपड़े धोने के बाद, उन्हें अच्छे से हिलाकर सीधा करें और धूप में रस्सी पर टांग दे. खासकर शर्ट और कुर्ते जैसे कपड़ों को हैंगर पर सुखाना बेहतर होता है. इससे कपड़े अच्छे से सूखते हैं और उनमें सिलवटें कम आती हैं, जिससे वे लंबे समय तक नए जैसे दिखते हैं.

कपड़ों को उतारने का तरीका

कपड़ों को सुखाने के बाद उन्हें एक–एक करके उतारें और सही से तह लगाएं. हर कपड़े की अपनी एक विशेष तह होती है, उसी के अनुसार उन्हें मोड़ें.

सिलवटों पर ध्यान दें

अगर कपड़ों पर सिलवटें पड़ जाएं, तो चिंता न करें। बस, उन्हें हल्के हाथ से रगड़ें। यह सिलवटों

# बियर–व्हिस्की और रम तो नशा करती ही हैं, अगर प्योर अल्कोहल डायरेक्ट चख लें तो क्या होगा



कोई भी व्यक्ति जब शराब पीता है तो अल्कोहल तुरंत पचती नहीं है बल्कि वह तेजी से ब्लड सर्कुलेशन में एंटर करती है. जिसके बाद यह धीरे–धीरे शरीर के बाकी सभी हिस्से में पहुंच जाता है. शराब सबसे पहले दिमाग पर असर डालता है. फिर आपकी किडनी, फेफड़े और लिवर पर भी असर डालता है. हर इंसान के उम्र, लिंग और वजन पर शराब का अलग–अलग असर होता है.

बियर–व्हिस्की और रम तो नशा करती ही हैं वहीं अगर प्योर अल्कोहल डायरेक्ट चख लें तो उसका क्या असर होगा इसी सवाल के जवाब की तलाश में हमने काफी कुछ रिसर्च किया. आखिर में हमेंक्वोरा पर लिखे गए कुछ जवाब से हम संतुष्ट हुए वह आपके लिए लेकर आए हैं. क्वोरा पर जैक वेक्सन नाम के एक व्यक्ति लिखते हैं कि वास्तव मैंने हाल ही में प्योर अल्कोहल चखा है.प्योर अल्कोहल पीने पर पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती है

जैक वेक्सन लिखते हैं कि हाल ही में मैंने इसोप्रोपिल अल्कोहल जोकि प्योर अल्कोहल है उसे उंगली के जरिए चखने की कोशिश की. मुंह में एक बूंद डालते ही लगा जैसे मेरे मुंह के अंदर किसी ने आग लगा दी हो. जबकि मैंने ज्यादा नहीं एक बूंद ही आजमाई थी. लेकिन मैंने अपने अनुभव से कहता हूं कि यह मेरे अब तक का सबसे दर्दनाक ड्रिंक था. अगर आप सिर्फ इसे चखना चाहते हैं तो तब भी ठीक है लेकिन अगर आप इसे पीने की कोशिश करेंगे तो इसे पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती है2 मिनट के लिए मुंह का टेस्ट हो जाएगा खराबप्योर अल्कोहल अगर किसी ने चख लिया है तो 2 मिनट के लिए मुंह का पूरा टेस्ट खराब हो जाएगा.राष्ट्रीय राजधानी विष केंद्र ने क्या कहाप्योर अल्कोहल एक बूंद चखने तक ठीक है. लेकिन आप शॉट या एक–2 गिलास पीने का सोच रहे हैं तो आपके शरीर के लिए गंभीर साबित हो सकती है. राष्ट्रीय राजधानी जहर केंद्र ने साफ शब्दों में कहा है।

# विद्या बालन की फिल्म दो और दो प्यार का ट्रेलर आउट, सितारों ने लगाया रोमांस और कामेडी का तड़का

विद्या बालन बॉलीवुड की बेहद टैलेंटेड एक्ट्रेस में से एक हैं. हालांकि विद्या काफी समय से स्क्रीन से दूर हैं लेकिन एक्ट्रेस अब रोमाटिंक कॉमेडी फिल्म श्दो और दो प्यास्य से सिल्वर स्क्रीन पर कमबैक कर रही हैं. विद्या की इस मच अवेटेड फिल्म के ट्रेलर का भी काफी समय से इंतजार किया जा रहा है. फाइनली मेकर्स ने श्दो और दो प्यास्य का दमदार ट्रेलर रिलीज कर दिया है.ट्रेलर में, हम दो मैरिड कपल की झलक देख सकते हैं जिनकी शादी में स्पार्क नहीं बचा है. ट्रेलर की शुरुआत में शादीशुदा कपल के तौर पर नजर आ रहे विद्या और उनके पति के किरदार में प्रतीक गांधी अपने घर की किचन में झगड़ा करते हुए नजर आते हैं. दोनों का रिश्ता बोझिल हो चुका है और वे किसी तरह इसे खींच रहे हैं.दोनों ही फिर एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर चला बैठते हैं. शादीशुदा होते हुए भी विद्या का अफेयर एक फॉरनर से हो जाता है जबकि प्रतीक गांधी इलियाना डिक्रूज से एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर कर बैठेते हैं. हालांकि फिर विद्या और प्रतीक एक रात साथ बिताते हैं और दोनों फिर एक बार



करीब आ जाते हैं. इसके बाद फिल्म में कईं ट्विस्ट और टर्न देखने को मिलते हैं जो खूब एंटरटेन करते हैं. ओवरऑल ट्रेलर काफी मजेदार है.फिल्म के ट्रेलर को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज पर शेयर करते हुए विद्या बालन ने कैप्शन में लिखा है, कमर कस लें, क्योंकि अब दो और दो प्यास्य के साथ मजा और रोमांस दोगुना करने का समय आ गया है! दो और दो प्यार ट्रेलर अभी जारी, 19 अप्रैल 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है. एलिप्सिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन, अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा प्रजेंट, दो और दो प्यार प्यार, लव, लाफ्टर और मॉर्डन रिश्तों के कॉम्पलीकेशन का सेलिब्रेशन हैं. इस फिल्म को अवॉर्ड विनिंग एड फिल्म मेकर शीर्षा गुहा ठाकुरता द्वारा निर्देशित किया गया है यह फिल्म उनकी पहली फीचर फिल्म है, और 19 अप्रैल, 2024 को सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज होने के लिए तैयार है. इस फिल्म में विद्या बालन, प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति ने अहम रोल प्ले किया है।

## आ गई लव यू शंकर की रिलीज डेट, 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी श्रेयस तलपड़े-तनीषा की फिल्म

श्रेयस तलपड़े और तनीषा मुखर्जी स्टारर फिल्म लव यू शंकर के निर्माताओं ने महाशिवरात्रि के अवसर पर अपनी अपकमिंग फिल्म की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है. यह फिल्म चौत्र नवरात्रि पर 19 अप्रैल को रिलीज होगी. फिल्म निर्माता राजीव एस. रुइया द्वारा निर्देशित इस फिल्म में श्रेयस तलपड़े, तनीषा मुखर्जी के साथ ही संजय मिश्रा, इलाक्षी गुप्ता, अभिमन्यु सिंह, हेमंत पांडे, मास्टर मान गांधी और प्रतीक जैन भी अहम रोल में हैं.श्रेयस तलपड़े ने



कहा कि फिल्म लव यू शंकर पर काम करना मेरे लिए जुनून और समर्पण से भरी एक अविश्वसनीय जर्नी रही है. यह फिल्म मेरे दिल में खास जगह रखती है और मैं दर्शकों द्वारा इसके जादू का अनुभव करने का इंतजार नहीं कर सकता. फिल्म में संगीतकार वरदान सिंह का जादू लला है और उन्होंने फिल्म को दिल छू लेने वाली धुनों से भर दिया है. अरविंद सिंह ने फिल्म को कोरियोग्राफ किया है.निर्देशक राजीव एस रुइया ने कहा कि एक फिल्म निर्माता के रूप में लव यू शंकर एक ऐसा प्रोजेक्ट है जिसे मैं अपने दिल के करीब रखता हूं. यह एक ऐसी कहानी है जो व्यक्तिगत रूप से मेरे साथ जुड़ती है, मैंने इसमें अपने दिल और आत्मा को लगा दिया है. निर्माता सुनीता देसाई ने कहा कि शुरू से लेकर अंत तक यह जुनून और समर्पण से भरा एक सहयोगात्मक प्रयास रहा है. तनीषा ने फिल्म को लेकर कहा फिल्म लव यू शंकर का हिस्सा बनना वास्तव में मेरे लिए बेहतर अनुभव रहा. यह फिल्म मानवीय भावना के साथ प्रेम की शक्ति का जश्न मनाती है. उन्होंने कहा कि मैं दर्शकों के साथ इस शानदार जर्नी पर निकलने के लिए उत्साहित हूं.

## ब्लैक आउटफिट में अवनीत कौर का दिखा किलर अंदाज, दिए बोल्ड पोज...इंटरनेट पर मचाया बवाल

छोटे पर्दे से बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली अभिनेत्री अवनीत कौर आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर एक बार फिर से इंटरनेट पर सनसनी मचा दी है। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग लुक देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट ब्लैक ड्रेस में कुछ फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में



उनका स्टनिंग अवतार देखकर सभी फैंस उनके हुस्न के कायल हो गए हैं। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि एक्ट्रेस कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक किलर अंदाज में पोज देते हुए हॉट फोटोशूट करवाती हुई नजर आ रही हैं। अवनीत कौर कैमरे के सामने अपनी नेक पर बना टैटू फ्लॉन्ट करती हुई एक से बढ़कर एक सेक्सी पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं।हाई हील्स, ओपन हेयर और डार्क रेड कलर की लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें एक्ट्रेस अवनीत कौर जब भी अपनी फोटोज इंस्टा पर अपलोड करती हैं ।

## आडु जीवितम द गोट लाइफ ने वर्ल्डवाइड 100 करोड़ क्लब में ली एंट्री, फिल्म ने तोड़ा मंजुम्मेल बायज का रिकार्ड

पृथ्वीराज सुकुमारन स्टारर फिल्म आडु जीवितम द गोट लाइफ ने दुनिया भर में तहलका मचा दिया है. 28 मार्च, 2024 को रिलीज हुई ये मलयालम फिल्म शुरुआत से ही दर्शकों की पसंद बनी हुई है. वहीं अब महज 8 दिनों में आडु जीवितम द गोट लाइफ ने वर्ल्डवाइड 100 करोड़ क्लब में एंट्री ले ली है. पृथ्वीराज सुकुमारन ने आडु जीवितम द गोट लाइफ का शानदार वर्ल्डवाइड कलेक्शन



पोस्टर शेयर किया है. इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा– 100 करोड़ और ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर गिनती जारी! इस वंडर्फुल सक्सेस के लिए थैंक्यू! आडु जीवितम द गोट लाइफ 100 करोड़ क्लब में एंट्री लेने वाली सबसे तेज मलयालम फिल्म बन गई है. इसे पहले ये रिकॉर्ड मंजुम्मेल बॉयज के नाम था जो इसी साल 22 फरवरी को थिएटर्स में रिलीज हुई थी और 12 दिनों में वर्ल्डवाइड 100 करोड़ रुपए कमाए थे. इसी के साथ मंजुम्मेल बॉयज के बाद आडु जीवितम द गोट लाइफ 100 करोड़ कमाने वाली ये इस साल की दूसरी मलयालम फिल्म बन गई है. ब्लेसी के डायरेक्शन में बनी आडु जीवितम द गोट लाइफ, राइटर बेनी बेन्यामिन के लिखे एक नॉवेल पर आधारित है. फिल्म बनने में मेकर्स को 16 सालों का लंबा वक्त लगा है. बजट की बात करें तो मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आडु जीवितम द गोट लाइफ 80 करोड़ रुपए की लागत से बनाई गई है. फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन लीड रोल में हैं जिन्होंने नजीब का किरदार अदा किया है. नजीब, जो काम करने के लिए अरब देश जाता है ।

# क्रू की बाक्स आफिस पर पकड़ मजबूत, वर्ल्डवाइड कलेक्शन 85 करोड़ के पार

तब्बू, करीना कपूर खान और कृति सेनन स्टारर कॉमेडी ड्रामा क्रू बॉक्स ऑफिस पर जोरदार कमाई कर रही है. क्रू के ट्रेलर ने ही फिल्म के लिए दर्शकों का एक्साइटेमेंट लेवल काफी बढ़ा दिया था. वहीं जैसे ही फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई वैसे ही इसे देखने के लिए दर्शकों की भीड उमड़ पड़ी. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर दमदार ओपनिंग की और रिलीज के पहले हफ्ते में भी जमकर कमाई कर ली. ये फिल्म रिलीज के 7 दिनों में अपनी लागत लगभग निकाल चुकी है. चलिए यहां जानते हैं क्रू ने रिलीज के 8वें दिन कितनी कमाई की है क्रू को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक हफ्ता पूरा हो चुका है. इस फिल्म में तीन हसीनाओं करीना कपूर, कृति सेनन और तब्बू की तिकड़ी ने दर्शकों को एंटरटेन करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है. इसी क साथ इस फिल्म नोटों की बारिश हुई है. हालांकि वीकडेज में फिल्म की कमाई में गिरावट भी आई लेकिन इसने बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखी.क्रू ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर खूब बवाल काटा है. ये फिल्म अब देश में 50 करोड़ का आंकड़ा छूने की ओर तेजी से बढ़ रही है. वहीं वर्ल्डवाइड भी ये फिल्म खूब कमाई कर रही है. एकता कपूर ने क्रू के दुनियाभर में कमाई के शुरुआती आंकड़े शेयर किए हैं. इसके मुताबिक फिल्म ने रिलीज के 7 दिनों में 87.28 करोड़ का कारोबार कर लिया है. वहीं 8वें दिन ये फिल्म 90 करोड़ का आंकड़ा



पार कर जाएगी. इसी के साथ ये फिल्म वर्ल्डवाइड 100 करोड़ का आंकड़ा छूने की ओर तेजी से बढ़ रही है.क्रू ने रिलीज के एक हफ्ते में दमदार कलेक्शन किया है. हालांकि अब दूसरे हफ्ते में इस फिल्म के लिए बॉक्स ऑफिस पर टिकना बड़ी चुनौती होगी. दरअसल क्रू को टक्कर देने के लिए अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की बड़े मियां छोटे मियां और अजय देवगन की मैदान 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होंगी. हालांकि तब तक उम्मीद है कि फिल्म वैश्विक स्तर पर 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर जाएगी.

## अजय देवगन की मैदान का गाना रंगा रंगा जारी, 10 अप्रैल को सिनेमाघरों दस्तक देगी फिल्म

शैतान की अपार सफलता के अब अजय देवगन फिल्म मैदान में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान अमित शर्मा ने संभाली है।इस फिल्म में अजय की जोड़ी प्रियामणि के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा।यह फिल्म ईद के खास मौके पर यानी 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।इससे पहले अब निर्माताओं ने मैदान का नया गाना रंगा रंगा जारी कर दिया है, जिसे वैशाली सामंत ने अपनी आवाज दी है। मैदान की कहानी फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम पर आधारित है, जिनके मार्गदर्शन में भारतीय फुटबॉल टीम ने 1951 और 1962 के एशियाई खेलों में जीत हासिल की थी। इस दौर को



भारतीय फुटबॉल का स्वर्ण युग कहा जाता है।बोनी कपूर इस फिल्म के निर्माता हैं। फिल्म की कहानी अमन राय और अतुल शाही ने लिखी है।सिनेमाघरों में मैदान का मुकाबला अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां से होने वाला है। गौरतलब है कि मैदान भारत में फुटबॉल के गोल्डन एरा को दिखाया गया है। फिल्म फुटबॉल कोच सैयद अब्दुल रहीम के जीवन पर आधारित है। फिल्म की टीजर अपने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए अजय ने लिखा, आजाओ मैदान में! हम भारतीय फुटबॉल के गोल्डन एरा की सच्ची कहानी पेश करने के तैयार हैं। फिल्म में अजय कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका में नजर आएंगे। अजय के अलावा फिल्म में प्रियामणि और गजराज राव भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म को अमित रविंद्रनाथ शर्मा ने निर्देशित किया है।

## मानवी गागरू ने मुन्ना भाई एमबीबीएस से संजय दत्त का डायलाग किया कापी

एक्ट्रेस मानवी गागरू ने संजय दत्त स्टारर फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस से कुछ लाइन्स कॉपी की और इनका इस्तेमाल लंदन



ट्रिप की फोटोज शेयर करते हुए कैप्शन में किया।मानवी ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर हम्मस, ब्रेड और कुछ मसालेदार सब्जियों समेत कई डिशेज की एक झलक शेयर की।एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, खवानु, पीवानु, मज्जा नी लाइफ (खाओ, पीयो और जिंदगी के मजे लो)।कैप्शन के लिए उन्होंने जिस लाइन का इस्तेमाल किया, वह राजकुमार हिरानी द्वारा निर्देशित कॉमेडी ड्रामा मुन्ना भाई एम.बी.बी.एस. की फिल्म से लिया गया। यह फिल्म 2003 में रिलीज हुई थी। इस डायलॉग को संजय दत्त कैरम सीन में बोलते हैं।फिल्म में दिवंगत एक्टर सुनील दत्त, ग्रेसी सिंह और बोमन ईरानी भी हैं।

## द फैमिली स्टार की ओपनिंग रही शानदार, विजय-मृणाल की फिल्म ने पहले दिन कमाए इतने करोड़



विजय देवरकोंडा और मृणाल ठाकुर स्टारर रॉम-कॉम फिल्म श्फैमिली स्टारस्य पिछले लंबे समय से चर्चा में बनी हुई थी. इस रोमांटिक फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे थे. ट्रेलर लॉन्च के बाद से ही विजय देवरकोंडा और मृणाल ठाकुर की जोड़ी को पर्दे पर देखने के लिए दर्शक काफी एक्साइटेड थे. वहीं 5 अप्रैल को फाइनली ये फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो गई. फिल्म को क्रिटिक्स की तरफ से अच्छे रिव्यू मिले हैं. दर्शकों को भी विजय और मृणाल की मूवी पसंद आ रही है. ऐसे में आइए जानते हैं कि फिल्म ने अपने ओपनिंग डे पर कितने करोड़ का कलेक्शन किया है...परशुराम पेटला के डायरेक्शन में बनी फिल्म श्फैमिली स्टारस्य को ऑडियंस की तरफ से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है. इसी के साथ फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत की है और इसने पहले दिन शानदार कलेक्शन कर लिया है. इन सबके बीच अब फिल्म की पहले दिन की कमाई के शुरुआती आंकड़े भी सामने आ गए हैं. सैकनिल्क के मुताबिक फैमिली स्टार अपने ओपनिंग डे पर 5.75 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है. हालांकि ये अर्ली एस्टिमेट है फाइनल आंकड़े आने के बाद इनमें थोड़ा बहुत बदलाव हो सकता हैबता दें कि फिल्म में मेकर्स ने फैंस के लिए एक खास सरप्राइज रखा है. श्फैमिली स्टारस्य में विजय देवरकोंडा की कथित गर्लफ्रेंड रश्मिका मंदाना का भी एक स्पेशल रोल है. ऐसे में फैंस इस फिल्म को देखने जरूर जाएंगे. वहीं सेंसर बोर्ड की तरफ से फिल्म को यूध्अ सर्टिफिकेट मिला है. रोमांस, ड्रामा, एक्शन और कॉमेडी से भरपूर इस फिल्म में विजय और मृणाल के बीच प्यारी सी नोंक-झोंक फैंस को खूब पसंद आ रही है. फिल्म में विजय और मृणाल के अलावा जगपति बाबू, अच्युत कुमार, अभिनय, वासुकी, रोहिणी हट्टंगडी और रवि बाबू, दिव्यांश कौशिक, अजय घोष और कई कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं. बता दें कि फिल्म के लिए हीं गोपी सुंदर ने तैयार किया है. वहीं विजय की ये फिल्म तमिल, तेलुगु और हिंदी तीन भाषाओं में रिलीज हई है.बता दें कि साल 2022 में विजय देवरकोंडा की फिल्म लाइगर आई थी, जिसमें उनके अपोजिट अनन्या पांडे नजर आईं थी. उनकी ये मूवी बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से पिट गई थी. फिल्म को काफी निगेटिव रिव्यू मिले थे. ऐसे में विजय को श्फैमिली स्टारस्य से काफी उम्मीदें हैं. अब ये देखना रोमांचक होगी कि उनकी ये फिल्म फैंस की उम्मीदों पर कितनी खरी उतर पाती है.

# दर्शकों को थिएटर तक लाने के लिए फिल्म में मुख्य पुरुष किरदार होना जरूरी

लंबे समय से लोगों ने पुरुष-केंद्रित फिल्मों की तरह महिला-केंद्रित फिल्में बनाने का जोखिम नहीं उठाया है। उन्हें लगता है कि दर्शक थिएटर में यह फिल्म नहीं देखेंगे और उन्हें कमाई भी नहीं होगी।अभिनेत्री कृति सेनन को अपनी हालिया रिलीज फिल्म क्रू की सफलता के बाद उम्मीद है कि अब बड़े बजट की महिला केंद्रित फिल्में बनाने का मार्ग प्रशस्त होगा। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कृति ने कहा कि फिल्म निर्माताओं को अक्सर ऐसा लगता है कि दर्शकों को महिला केंद्रित फिल्मों में दिलचस्पी नहीं होती है।तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया फिल्म के बाद कृति 'क्रू' में नजर आईं। 'क्रू'फिल्म में उन्होंने तब्बू और करीना कपूर खान के साथ तीसरी प्रमुख भूमिका निभाई है। फिल्म ने रिलीज के नौ दिनों के अंदर ही दुनिया भर में 100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की।राजेश ए. कृष्णन द्वारा निर्देशित क्रू फिल्म में तीन एयर होस्टेस की कहानी है जो अपनी एयरलाइन के दिवालिया हो जाने पर अपनी जिम्मेदारी संभालती हैं। कृति ने कहा, दर्शकों को थिएटर तक लाने के लिए किसी फिल्म में पुरुष का मुख्य किरदार होना जरुरी नहीं है।लंबे समय से लोगों ने पुरुष-केंद्रित फिल्मों की तरह महिला-केंद्रित फिल्में बनाने का जोखिम नहीं उठाया है। उन्हें लगता है कि दर्शक थिएटर में यह फिल्म नहीं देखेंगे और उन्हें कमाई भी नहीं होगी। उन्होंने कहा, दर्शकों से क्रू फिल्म को मिले प्यार के बाद मुझे लगता है कि यह एक तरह से बदलाव की शुरुआत है। उम्मीद है कि धीरे-धीरे लोग आगे आएंगे और महिला-केंद्रित फिल्म में भी उतना ही पैसा लगाने और उसे आगे बढ़ाने का जोखिम उठाएंगे, जितना वे पुरुष प्रधान फिल्मों के लिए करते हैं। ...क्योंकि इससे भी बॉक्स ऑफिस पर उतनी ही कमाई होती है।



# लू से बचाव संबंधित पोस्टर का किया गया वितरण

ब्यूरो

देवरिया। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह के निर्देशन में उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा मुद्रित कर हीट वेव लू से बचाव हेतु क्या करें क्या ना करें संबंधी चार प्रकार के पोस्टर जो जनपद को उपलब्ध कराए गए थे जिसमें लू में क्या करें क्या ना करें तापघात के लक्षण तपघात लू प्राथमिक उपचार संबंधित उपाय का विवरण दिया गया है। लू से बचाव संबंधी पोस्टर उपलब्ध कराए जाने के साथ ही विभागों को यह भी निर्देशित किया गया है कि पोस्टर्स को सार्वजनिक स्थानों, बाजारों, कार्यालय सूचनापट आदि उपयुक्त स्थानों पर लगाया जाए जिससे अधिक से अधिक लोग जागरूक हो सके।लू से बचाव संबंधी पोस्टर्स एवं शॉर्ट वीडियो को जनपद की वेबसाइट कमवतपं.दपब.पद पर भी अपलोड कर दिया गया है जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण देवरिया द्वारा जनपद के पंचायती राज विभाग के प्रत्येक ग्राम पंचायत हेतु प्रत्येक विकासखंड, प्रत्येक नगर पंचायत एवं नगर पालिका परिषद, प्रत्येक तहसील, मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के अधीन आने वाले समस्त पीएचसी एवं सीएचसी, जिला कार्यक्रम अधिकारी के अंतर्गत आने वाले आंगनवाड़ी केंद्रों, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम स्टेशन एवं रेलवे स्टेशन, मेडिकल कॉलेज को पोस्टर उपलब्ध करा दिया गया है।

# चौत्र नवरात्र मां दुर्गा की पूजा–अर्चना संग हुई घट स्थापना, आज शैलपुत्री की आराधना, मंदिरों में गूंजे जयकारे

मेरठ (आरएनएस )। चौत्र मास के नवरात्र आज शुरू हो गए हैं। वृषभ स्थिर लग्न में सुबह 8रू05 से 10रू01 बजे तक का पूजन का मुहूर्त सबसे अच्छा बताया गया है। जो श्रद्धालु किसी कारण से अभिजित मुहूर्त में कलश स्थापना न कर सकें, वे दोपहर में 3.17 बजे के बाद से सूर्यास्त तक कर सकते हैं। मेरठ शहर के 550 मंदिरों में आयोजन होंगे। नौ दिन देवी मां के नौ स्वरूपों की पूजा अर्चना की जाएगी।

ज्योतिषाचार्य विनोद त्यागी ने बताया कि शुभ संयोग में मां भगवती की पूजा–अर्चना की जाएगी। मां को चुनरी, चूड़ी, नारियल सहित शृंगार का सामान अर्पित किया जाएगा। चौत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन रेवती और अश्विनी नक्षत्र अच्छा संयोग बना रहे हैं। नवरात्र को लेकर मेरठ के सभी देवी मंदिरों में रौनक देखते ही बन रही है। सुबह से ही श्रद्धालुओं की मंदिर में कतारें लगी हुई हैं।

विक्रम संवत् 2081 प्रतिपदा दिन मंगलवार चौत्र नवरात्र व्रत का प्रथम दिन है। इसकी प्रथम आराध्या देवी माता शैलपुत्री हैं। माता का यह रूप अनेकानेक नामों से लोक प्रसिद्ध है। सती, पार्वती, दुर्गा, उमा, अपर्णा, गौरी, माहेश्वरी, शिवांगी, शुभांगी, पर्वतवासिनी। पूर्व जन्म में इनके पिता राजा दक्ष थे। राजा दक्ष ने प्रजेश होने पर यज्ञ किया, परन्तु अपने दामाद शिव को निमंत्रित नहीं किया। सती भगवान शंकर की स्वीकृति के बिना पिता के यहां चली गईं।

यज्ञ स्थल पर अपने तिरस्कार एवं शिव का आसन न देखकर कुपित सती यज्ञाग्नि में कूद पड़ीं। उधर, शिव की समाधि भंग हुई तो उन्होंने वीरभद्र नामक गण को यज्ञ स्थल पर भेजा। वीरभद्र ने यज्ञशाला का विध्वंस किया और सती के जलते शरीर को लेकर चल पड़ा। धरती पर सती के अंग जिस–जिस स्थान पर गिरे, वहां–वहां शक्तिपीठ स्थापित हो गए। सती का अगला जन्म शैलराज की पुत्री पार्वती के रूप में हुआ। घोर तपस्या के बाद शिव ने उनका वरण किया। पर्वतराज की पुत्री होने के कारण माता के इस प्रथम रूप का नाम शैलपुत्री पड़ा। नवरात्र के प्रथम दिन देवी के उपासक घटस्थापना, अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कर माता के प्रथम चरित्र का पाठ कर मंगल फल प्राप्त करेंगे।

मेरठ में इन प्रमुख मंदिरों में होंगे कार्यक्रम

शहर के बाबा औघड़नाथ मंदिर, दक्षिणेश्वरी भद्रकाली मंदिर, देवी मंदिर भाटवाड़ा, दुर्गा मंदिर दिल्ली रोड, नौचंदी स्थित चंडी देवी मंदिर, जयदेवीनगर शक्तिधाम मंदिर, मंशा देवी मंदिर जागृति विहार और सिटी स्टेशन रोड, अन्नपूर्णा मंदिर और शाकंभरी देवी मंदिर वेस्ट एंड रोड पर आयोजन होंगे। वहीं पहले नवरात्र के दिन मंदिरों में माता के दर्शन, पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

रंग–बिरंगी लाइटों से सजाया औघड़नाथ मंदिर

बाबा औघड़नाथ मंदिर को रंग–बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। सोमवार को बाबा औघड़नाथ शिव मंदिर समिति की ओर से बैठक भी की गई। मंदिर समिति के महामंत्री सुनील गोयल ने बताया कि प्रथम कि नवरात्र को मंदिर प्रांगण में दुर्गा माता मंदिर के सामने ध्वज का आयोजन किया जाएगा।

# विक्टोरिया पार्क अग्निकांड खौफनाक था मंजर, जिंदा जल गए थे 65 लोग

मेरठ (आरएनएस )। पूरे देश को झकझोर देने वाले मेरठ के वीभत्स अग्निकांड को भले ही 18 साल हो गए हो लेकिन, वो भयावह मंजर आज भी लोगों के जहन में है। जैसे ही विक्टोरिया अग्निकांड का जिक्र आता तो लोग सहम उठते हैं। इस दर्दनाक घटना में किसी ने अपने जवान बेटे तो किसी ने पति व पत्नी और किसी ने मां या बहन को खोया था।

वहीं, अपनों को खोने वाले 18 साल से इंसाफ का इंतजार कर रहे हैं। भले ही इस अग्निकांड की दस्तक सुप्रीम कोर्ट तक गई हो लेकिन, पीड़ितों को आज तक इंसाफ नहीं मिला है। मृतकों के परिजन इंसाफ की आस में आंसू बहा रहे हैं। आइए आपको इस अग्निकांड के बारे में विस्तार से बताते हैं–

दरअसल, भामाशाह पार्क (विक्टोरिया पार्क) में 10 अप्रैल 2006 को कंजूम्यर मेला गुलजार था। दिन में मेले में प्रदर्शनी के दौरान सब कुछ ठीक चल रहा था लेकिन, जैसे ही शाम के समय लोग अपने घरों को निकलने वाले थे, तभी शाम के समय 5रू40 मिनट पर पंडाल में आग लग गई। अचानक पंडाल में आग लगने की खबर फैली तो मेले में भगदड़ मच गई। वहीं, देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था और आग ने लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। इस वीभत्स अग्निकांड में 65 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई थी। वहीं, इस हादसे में 81 लोग गंभीर रूप से तो 85 लोग सामान्य रूप से झुलसे थे।सुनते ही सहम उठे थे शहरवासीविक्टोरिया पार्क में आयोजित कंजूम्यर मेले में आग लगने की खबर पूरे शहर में फैली तो लोग सहम उठे। इसके बाद कोई मौके की ओर दौड़ पड़ा तो कोई टीवी खोल कर बैठ गया था। जब मेले में गए लोगों के परिजनों को आग की सूचना मिली तो उनमें हाहाकार मच गया। वहीं, घटनास्थल की ओर दौड़े लोग मंजर देखते ही बेहोश हो हए। इस दौरान पुलिस–प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों ने पीड़ित परिजनों को किसी तरह संभाला था।

नहीं मिली थी मदद, लोगों ने तड़प–तड़पकर तोड़ा था दम

विक्टोरिया पार्क में आयोजित कंजूम्यर मेले से पुलिस लाइन की दूरी 200 मीटर से ज्यादा नहीं थी। वहां से मदद आने में इतना समय लग गया कि कई लोग तड़पकर मर गए। जो बच पाए, उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पतालों में भी गंभीर रूप से जले हुए मरीजों के लिए बर्न मेडिकल सेंटर नहीं थे। इस वजह से इलाज भी ठीक से नहीं हो पा रहा था। मेले की आग पर काबू पाया गया तो अंदर भी कई लोगों के शव पड़े मिले।

# अवैध बंदूक बनाने की फैक्टरी का भंड़ाफोड़, दो गिरफ्तारय भारी मात्रा में पिस्टल और तमंचे बरामद

गढ़मुक्तेश्वरध्हापुड़। (आरएनएस ) कोतवाली पुलिस ने खादर क्षेत्र मे रेतों की मढैघ्या में दबिश देकर अवैध रूप से तमंचे, पिस्टल बनाने की फैक्टरी का भंड़ाफोड़ किया है। पुलिस टीम ने दो बदमाशों को गिरफ्तार करते हुए भारी मात्रा में पिस्टल और तमंचे बरामद किए हैं।सीओ आशुतोष शिवम ने बताया कि मंगलवार की सुबह सूचना के आधार पर कोतवाली पुलिस ने गंगा खादर क्षेत्र के गांव रेतो वाली मढैघ्या में छापा मार कार्रवाई की। जहां एक स्थान पर अवैध रूप से तमंचे, पिस्टल बना रहे दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया।दोनों बदमाशों की निशानदेही पर पुलिस टीम ने मौके से दो पिस्टल, 41 बने–अधबने तमंचे बरामद किए। इसके अलावा अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण भी मौके से बरामद किए गए है। बदमाशों ने अपने नाम अकबर उर्फ सोनी और इस्तेकार निवासी गांव इनायतपुर राधना थाना किठौर जनपद मेरठ बताए हैं। सीओ ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों में अकबर के खिलाफ आर्म्स एक्ट, जान से मारने की धमकी देना, हत्या का प्रयास समेत अन्य ध ााराओं में किठौर, भावनपुर, बहादुरगढ़ समेत अन्य थानों में मुकदमें दर्ज हैं, जो बुलंदशहर



देहात कोतवाली का वांछित भी है।इसके अलावा इस्तेकार के खिलाफ भी थना रहरा जनपद अमरोहा, किठौर थाने में आर्म्स एक्ट, गुंडा एक्ट के तहत मुकदमें दर्ज हैं। अवैध असलाह समेत उपकरणों को कब्जे में ले लिया गया है। दोनों बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जिन्हें अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायालय में पेश किया गया है।

# एक माह पूर्व हुई चोरी का नहीं हुआ खुलासा

## –पीड़ित ने एसपी व सीओ से लगाई गहार

राजापुर (चित्रकूट)(आरएनएस)। सरधुवा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरधुवा के मजरा खरियारी पुरवा में बीते एक माह पूर्व गृहस्वामी को कमरे के अन्दर बंद कर बक्से से सोने चांदी के जेवरात सहित तीन लाख रुपए नगदी लेकर चोर चंपत हो गए। पीड़ित ने थाना सरधुवा में तहरीर देने की बात कही है।विगत एक माह पहले ग्राम पंचायत सरधुवा के खरियारी पुरवा के राम यादव पुत्र मंगल यादव के यहां अज्ञात चोरों ने करीब तीन लाख नकद व जेवरात रुपए की चोरी हुई थी। जिसकी तहरीर थाना सरधुवा में दी गई थी, लेकिन आज तक उस चोरी का पर्दाफाश नही किया गया हैं। पीड़ित ने बताया कि घटना की रात परिवार समेत कमरे के अन्दर सो रहे थे। चोरों ने बाहर से कुण्डी लगा दी गई थी और दूसरे कमरे में रखे बक्से का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात तथा तीन लाख रुपए नगदी गायब था। पुत्री भावना की शादी के लिए तैयारी कर रहा था। चोरी की घटना एक माह पहले हुई थी। जिसकी जानकारी करने पर पता चला कि गांव के अलावा दूसरी ग्राम पंचायत के आधा दर्जन से अधिक चोरों ने चोरी की घटना का अंजाम दिया था। जिसकी सूचना थाने में देने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं की जा रही हैं। घटना के सन्दर्भ में पुलिस अधीक्षक को आठ अप्रैल को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया हैं। बताया कि नामजद चोर अभी भी घूम रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं।

# गाजियाबाद से मुरादाबाद तक हाईवे पर की दरिंदगी, फिर होटल में छोड़कर भागे

मुरादाबाद (आरएनएस )। संभल निवासी 17 वर्षीय एक मॉडल के साथ चलती कार में तीन युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी पीड़िता को मुरादाबाद में कोतवाली क्षेत्र के एक होटल के कमरे में छोड़कर भाग गए। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में पीड़िता की तहरीर पर गाजियाबाद निवासी तीनों युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पीड़िता मॉडल तीनों को पहले से जानती है।संभल जनपद के चंदौसी थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता ने दर्ज कराए केस में बताया कि उसने 11वीं तक पढ़ाई की है। इसके बाद उसने मॉडलिंग शुरू कर दी थी। किशोरी ने बताया कि पांच अप्रैल को वह मॉडलिंग के कार्यक्रम में जयपुर गई थी।छह अप्रैल को वह जयपुर से गाजियाबाद पहुंची और धौलाकुआं मेट्रो स्टेशन के पास मुरादाबाद लौटने के लिए बस का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान गाजियाबाद के लालकुआं वेव सिटी ग्रामीण निवासी भरत अपने साथी गाजियाबाद के लाल क्वार्टर सिहानी गेट निवासी अनिल और गाजियाबाद के पुराना बस अड्डा मालीवाड़ा सिहानी गेट निवासी सोनू कार लेकर आ गए। आरोपियों ने उसे देखकर कार रोक ली। तब पीड़िता ने बताया कि वह मुरादाबाद जा रही है। तब आरोपियों ने कहा कि वह भी मुरादाबाद जा रहे हैं और उसे मुरादाबाद तक छोड़ देंगे। आरोपियों को पीड़िता पहले से जानती थी। पीड़िता ने इनसे फोटोशूट कराया था।करीब साढ़े 11 बजे धौलाकुआं से निकले थे। आरोपियों ने गाजियाबाद में एक होटल से कोल्ड ड्रिंक और खाना पैक करा लिया था। कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद पीड़िता को नशा होने लगा था। पीड़िता का कहना है कि सोनू कार चला रहा था। जबकि अनिल और भरत ने कार में ही उसके साथ दुष्कर्म किया।इसके बाद आरोपी उसे मुरादाबाद में कोतवाली क्षेत्र स्थित एक होटल में ले गए और यहां उसे छोड़कर भाग गए थे। जहां कुछ देर बाद ही पुलिस पहुंच गई थी। पुलिस अधीक्षक नगर अखिलेश भदौरिया ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और एससी एसटी एक्ट में केस दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गाजियाबाद भेजी गई है।

पीड़िता ने 112 पर कॉल कर दी थी घटना की जानकारी

पीड़िता ने एफआईआर में बताया कि आरोपियों ने उसके साथ कार में दुष्कर्म किया था। पीड़िता ने बताया कि उसने टॉयलेट जाने के बहाने कार रुकवा ली थी। तब आरोपियों ने एक पेट्रोल पंप पर कार रोक दी थी। तब पीड़िता ने टॉयलेट में जाकर यूपी 112 पर कॉल कर घटना की जानकारी दे दी थी।इसके बाद वह कार में आकर बैठ गई थी। इसके बाद आरोपी कार मुरादाबाद लेकर आ गए थे। यहां तीनों उसे होटल में ले गए और कमरे में बैठाकर भाग गए थे। कुछ ही देर में पुलिस पहुंच गई थी लेकिन तब तक आरोपी निकल चुके थे। इसके बाद पीड़िता ने अपने मां–बाप को घटना की जानकारी दी।

# कुल्हाड़ी से गला काट कर पत्नी की हत्या में पति को उम्रकैद

चित्रकूट(आरएनएस)। लगभग 11 माह पूर्व कुल्हाड़ी से गला काटकर पत्नी की हत्या करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने हत्यारोपी पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार के अर्थदंड से भी दंडित किया है।जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि मऊ थाना क्षेत्र के शेषा सुबकरा गांव में लगभग 11 माह पूर्व हुई इस घटना के मामले में मृतका के पिता राजापुर थाने के रगौली गांव के निवासी विफई निषाद ने मऊ थाने में बीती 5 मई 2023 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में वादी ने कहा था कि 5 मई 2023 को सवेरे 4 बजे जानकारी दी गई कि उसकी बेटी श्यामवती को दामाद शेषा सुबकरा निवासी लालचंद्र ने जान से मार दिया। वादी के अनुसार हत्यारोपी ने श्यामपति की गर्दन में कुल्हाड़ी से कई वार किए और उसे मौत के घाट उतारने के बाद फरार हो गया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था और न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया था। साथ अभियोजन पक्ष ने बेहद कम समय में प्रभावी पैरवी की थी। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद मंगलवार को सत्र न्यायाधीश ने निर्णय सुनाया जिसमें दोष सिद्ध होने पर हत्यारोपी पति लालचंद्र को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही 10हजार के अर्थदंड से दंडित किया गया। निर्णय के बाद आरोपी को सजा भुगतने के लिए जिला कारागार भेज दिया गया।

# भूमि सुपोषण एवं संरक्षण का लिया संकल्प

चित्रकूट(आरएनएस)। दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां द्वारा मंगलवार को ग्राम पंचायत हिरौन्दी में संस्थान के प्रधान सचिव अतुल जैन एवं संगठन सचिव अभय महाजन के निर्देशानुसार भूमि सुपोषण एवं संरक्षण के लिए राष्ट्र स्तरीय जन अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान भूमि पूजन, गौ पूजन एवं देशी हल पूजन आदि परम्परांगत रुप में पूजन के लिए पंचायत के विभिन्न ग्रामों के कृषकों के खेतों से मिट्टी लेकर कलश सजा पूजन किया। भूमि सुपोषण एवं संरक्षण अभियान चौत्र शुक्ल प्रतिपदा से देव उठनी एकादशी 9 अप्रैल से 12 नवम्बर तक चलने वाले इस जन स्तरीय राष्ट्रीय अभियान में होने वाली गतिविधियों के अन्तर्गत दीनदयाल शोध संस्थान के कार्यकर्ता प्रत्येक ग्राम स्तर तक जाकर इस कार्यक्रम में ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करेगें। साथ ही संकल्प पत्र के वाचन से भी मृदा एवं प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराया जाएगा। सभी ग्रामीणों ने मृदा एवं प्राकृतिक सम्पदा की सुरक्षा, संरक्षण के लिए संकल्प लेते हुए कार्यक्रम में जैविक उत्पादन से निर्मित प्रसाद वितरण करने के पश्चात् स्थानीय गीतों का गायन कर भजन कीर्तन भी किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने मिट्टी का क्षरण रोकना, मिट्टी के संवर्धन के उपाय कार्यान्वित करना, रासायनिक खाद एवं रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग नहीं करना, कृषि सिंचाई में जल का अपव्यय रोकना, मेंड पर पेड़ लगाना, इन कर्तव्यों के साथ भूमि सुपोषण के अन्य विकल्प भूमि के लिये हानिकारक पदार्थ, प्लास्टिक थर्मोकोल आदि का न्यूनतम उपयोग करना, कागज एवं अन्य वस्तुयें जिनके लिये वृक्ष कटान होता है उनका आवश्यक उपयोग करना ऐसी वस्तुओं के पुनः प्रयोग को बढावा देना है। वृक्षारोपण गतिविधियों में प्रत्यक्ष रूप से सहभागी होने का संकल्प लिया गया।

# जय मां अंबे के जयकारों से गुंजायमान हुआ गगन

## कलश स्थापना से चौत्र नवरात्र की शुरुआत, देवी मंदिरों में श्र)ालुओं की भीड़

प्रयागराज(आरएनएस)। कलश स्थापना के साथ चौत्र नवरात्र शुरू हो गया। नवरात्र के पहले दिन देवी मंदिरों में काफी भीड़ रही। शक्ति पीठ अलोप शंकरी सहित प्रयागराज के सभी देवी मंदिरों में शैलपुत्री रूप में मां का भव्य श्रृंगार किया गया है। सोमवार को मुहुर्त के अनुसार मंदिरों और घरों में कलश स्थापना कर देवी की आराधना और पूजा की गयी। देवी के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंजता रहा।शारदीय नवरात्र के पहले दिन संगम नगरी प्रयागराज में देवी मंदिरों में भक्तों की भारी हुजूम देखने को मिला है। अलोपशंकरी, कल्याणी देवी, ललिता देवी के साथ ही अष्टभुजी देवी सहित शिवकुटी, राजरूपपुर, धूमनगंज, सुलेमसरांय, कटरा, सिविल लाइंस, टैगोर टाउन, चौक, जीरो रोड, लीडर रोड, खुल्दाबाद, राजापुर, बेली रोड, फाफामऊ, झूंसी, नैनी सहित शहर के सभी इलाकों में स्थित देवी मंदिरों में भारी भीड़ रही। पूजन अर्चन और दर्शन का दौर सुबह से ही शुरू हो गया था। मंदिरों में मां भगवती के प्रथम स्वरूप श्री शैलपुत्री का श्रृंगार किया गया।

प्रथम दिवस पर पुष्प, अक्षत, रोली, चंदन, मिष्ठान्न, नैवेद्य के साथ भगवती की आराधना की गई। विधि विधान के साथ मिट्टी के कलश में गंगा जल, अक्षत, द्रव्य, हल्दी, पान, सुपारी आदि सामग्री डालकर मिट्टी की वेदी जौ मिलाकर कलश को स्थापित किया गया। फूल–माला के साथ ही नवग्रह, गौरी, गणेश, भैरव आदि की पूजा कर रोली, चंदन, सिंदूर आदि के साथ पूजन अर्चन किया गया।प्रयागराज की शक्तिपीठ अलोप शंकरी समेत दूसरे देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्त देवी मां के दर्शन–पूजन कर रहे हैं। शक्तिपीठ अलोप शंकरी में तो भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। दुनिया में यह इकलौता ऐसा मंदिर है, जहां देवी की कोई मूर्ति नहीं है और श्रद्धालु एक पालने की पूजा करते हैं।

पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक शिवप्रिया सती के दाहिने हाथ की उंगलियां यहां गिरकर अलोप यानी अदृश्य हो गई थी, इसलिए यहां देवी के पालने की पूजा की जाती है। यही वजह है कि शारदीय नवरात्र के मौके पर बड़ी संख्या में भक्त देवी मां के दर्शन पूजन के लिए जुटते हैं।

# अपने भीतर ऐसे संस्कार विकसित करें कि भावी पीढ़ी गर्व करे– डा0 बीबी अग्रवाल

प्रयागराज(आरएनएस)। शंखनाद एवं घंटा–घड़ियाल की तुमुल ध्वनि के साथ उद्घोष–2081 कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने मंगलवार को नवसंवत्सर का हनुमत निकेतन प्रांगण, सिविल लाइंस में स्वागत किया। सृजन जन सेवा समिति के बैनर तले लोगों ने संकल्प लिया कि यदि जरूरत पड़ी तो वे भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए अपने जीवन का एक–एक पल न्योछावर कर देंगे।

उद्घोष–2081 को केरल के तरप्पा से वर्चुअली संबोधित करते हुए ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ने कहा कि यह प्रयागराज के लिए अद्भुत क्षण है। इस कार्यक्रम के माध्यम से डा0 बीबी अग्रवाल लोगों के अंतस में आध्यात्मिक चेतना का प्रवाह कर रहे हैं। इसके लिए वे साधुवाद के पात्र हैं। उद्घोष–2081 को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष अखिल भारतीय संत समिति के महासचिव दण्डी स्वामी जीतेन्द्रानंद सरस्वती ने कहा कि जो लोग यह भ्रांति फैला रहे हैं कि मंदिर के निर्माण से क्या होगा। उन्हें यह जान लेना चाहिए कि भारत के लाखों गांवों में मंदिर से करोड़ों लोगों का जीवन यापन होता है। इस अवसर पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि डा0 बीबी अग्रवाल न सिर्फ चिकित्सा के माध्यम से लोगों की सेवा कर रहे हैं अपितु धर्म एवं अध्यात्म के प्रति भी लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

# दो केन्द्रो में जल्द शुरू होगी दलहन–तिलहन खरीद

चित्रकूट(आरएनएस)। जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने जानकारी देते हुए बताया कि मूल्य समर्थन योजना में रबी खरीद वर्ष 2024–25 के अन्तर्गत सरकारी दलहन एवं तिलहन खरीद केन्द्रों पर सीधे किसानों से चना, सरसो एवं मसूर की खरीद जनपद में की जायेगी। इसके लिए जिलाधिकारी के आदेश से जनपद में कर्वी मण्डी एवं बसिला मण्डी में क्रय केन्द्र खोले गये है। जहाँ पर 30 जून तक खरीद की जायेगी। क्रय केन्द्रों पर समस्त व्यवस्थाए पूर्ण करा दी गयी है और दो तीन दिनों में खरीद प्रारम्भ होगी।

# सड़क हादसों में छह लोग घायल

चित्रकूट(आरएनएस)। अलग–अलग सड़क हादसों में दंपती समेत छह लोग घायल हो गए। सभी को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उनकी हालत में सुधार है।बुधवार की सुबह कर्वी कोतवाली अंतर्गत लोढ़वारा श्रमदान के पास हुई। बताया गया है कि पहाड़ी क्षेत्र के बसंतपुर निवासी प्रमोद कुमार (30) अपनी पत्नी बीना देवी (26) के साथ दवा कराने मुख्यालय बाइक से आ रहे थे। लोढ़वारा श्रमदान के पास पहुंचे तो अचानक उनके सामने बंदर आ गया। जिसके चलते बाइक अनियंत्रित हो गई और दोनों गिरकर घायल हो गए।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।